दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 155 | टोंक | गुरुवार,30 जनवरी, 2025 | माघ, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 4.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# महाकुंभ भगदड़ में 35 से 40 मौतें

## यूपी सरकार बोली- 30 लोग मारे गए, 25 की शिनाख्त; 60 घायल

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में संगम तट पर भगदड़ में मरने वालों की संख्या 35 से 40 है। सरकार ने 17 घंटे बाद महाकुंभ मेले में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत की पुष्टि की। डीआईजी वैभव कृष्ण ने प्रेस कॉफ्रेंस की। उन्होंने कहा- महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। इनमें 25 की शिनाख्त हो चुकी है। 60 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बैरिकेडिंग टूटने की वजह से भगदड़ मची है।

हादसा मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे हुआ। भगदड़ उस वक्त मची जब लोग संगम तट पर मौनी अमावस्या के स्नान लिए इंतजार कर रहे थे। सृष्टि मेडिकल कॉलेज पहुंचीं, जहां हादसे में मारे गए लोगों के शव रखे गए थे। मेडिकल कॉलेज में रिपोर्टर्स ने 20 शव गिने। यहां आखिरी डेडबॉडी पर 40 नंबर लिखा हुआ था। इससे पहले मेडिकल कॉलेज में 14 शव पोस्टमॉर्टम के लिए लाए गए थे। फिर मेले से 8-10 एंबुलेंस से कुछ और शवों को लाया गया। इन्हें मिलाकर करीब 20 शव उनके परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। वे उन्हें लेकर चले भी गए हैं।

### दिनभर की बड़ी अपडेट

- भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज में एंट्री करने वाले 8 पॉइंट-भदोही, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, मिजापुर बॉर्डर को बंद कर दिया गया है।
- पूरे मेला क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया है। सभी व्हीकल पास रद्द कर दिए गए हैं। यानी मेले में एक भी गाड़ी नहीं चलेगी।
- रास्ते को वन-वे कर दिया गया है। एक रास्ते से आए श्रद्धालुओं को स्नान के बाद दूसरे रास्ते से भेजा जा रहा है।
- शहर में चार पहिया वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। मेला क्षेत्र में यह व्यवस्था 4 फरवरी तक लागू रहेगी।
- यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा, श्रद्धालु जहां जगह हो वहीं स्नान करें। जहां इतनी बड़ी भीड़ होती है, इतना बड़ा प्रबंधन होता है, ऐसी छोटी-मोटी घटना हो जाती है।
- प्रशासन के मुताबिक, संगम समेत 44 घाटों पर बुधवार देर रात तक 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का अनुमान है। पूरे शहर में सुरक्षा के लिए 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं।



**भगदड़ की 2 संभावित वजह**

- अमृत स्नान की वजह से ज्यादातर पांटून पुल बंद थे। इस कारण संगम पर लाखों की भीड़ इकट्ठा होती चली गई। इस दौरान बैरिकेड्स में फंसकर कुछ लोग गिर गए। यह देखकर भगदड़ मच गई।
- संगम नोज पर एंट्री और एग्जिट के रास्ते अलग-अलग नहीं थे। लोग जिस रास्ते से आ रहे थे, उसी से वापस जा रहे थे। ऐसे में जब भगदड़ मची तो भागने का मौका नहीं मिला। वे एक-दूसरे के ऊपर गिरते गए।



### मोदी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई

उन्होंने कहा-मैं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में हूं। करोड़ों श्रद्धालु आज वहां पहुंचे हैं, कुछ समय के लिए स्नान की प्रक्रिया में रुकावट आई थी, लेकिन अब कई घंटों से सुचारू रूप से लोग स्नान कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा-श्रद्धालु संगम पर ही स्नान करने की न सोचें। गंगा हर जगह पवित्र है, वे जहां हैं उसी तट पर स्नान करें। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि वीआईपी कल्चर और सरकार की बदइंतजामी के कारण भगदड़ मची। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- महाकुंभ को सेना के हवाले कर देना चाहिए।



### महाकुंभ भगदड़ पर भावुक हुए योगी

#### मृतकों के परिजन को 25-25 लाख का मुआवजा

सीएम योगी ने महाकुंभ भगदड़ पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा- मैं इस घटना से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदना सभी मृतकों के परिजन के साथ है। योगी ने घटना में मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख की आर्थिक मदद की घोषणा की। उन्होंने न्यायिक जांच के आदेश भी दिए।

योगी ने कहा कि 30 के आस-पास मौतें हुई हैं। 36 घायलों का इलाज प्रयागराज के अस्पताल में चल रहा है। पुलिस, एनडीआरएफ और बचाव दलों ने घायलों को अस्पताल भेजा। प्रशासन सभी बंद मार्गों को खुलवाने में तत्परता से लगा रहा। इन सभी घटनाओं के बाद, ये जो हादसा हुआ है। मुहूर्त सुबह 4 बजे से था। प्रशासन के अनुरोध में अखाड़ों ने अमृत स्नान स्थगित कर दिया।

### 8 एंट्री पॉइंट भारी भीड़ की वजह से सभी बंद

**प्रयागराज में बुधवार को 9 करोड़ से ज्यादा लोग पहुंचे। इसके बाद भी लगातार लोगों के आने का सिलसिला जारी है। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने प्रयागराज में आने वाले 8 एंट्री पॉइंट को बंद कर दिया। 1. भदोही: वाराणसी बॉर्डर पर 20 किमी लंबा जाम 2. चित्रकूट बॉर्डर: 10 किमी लंबा जाम है। 3. कौशांबी बॉर्डर: सड़क से पार्किंग तक 50 हजार से ज्यादा वाहन रोके गए। 4. फतेहपुर-कानपुर बॉर्डर: यहां भी वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। 5. प्रतापगढ़ बॉर्डर: 40 हजार वाहनों को रोका गया। 6. जौनपुर बॉर्डर: जौनपुर जिले के बदलापुर में पुलिस ने प्रयागराज जाने वाली सभी बसों को रोक दिया है। 7. मिजापुर बॉर्डर: यहां भी गाड़ियों की लंबी लाइन देखी गई। 8. रीवा बॉर्डर: 50 हजार वाहनों को रोका गया है।**

**मौसम** जयपुर
24.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार
सेंसेक्स 76,532.96 +631.55 (0.83%)
निफ्टी 23,163.10 +205.85 (0.90%)

**सर्राफा** सोना/चांदी
सोना 83,365 /10g
चांदी 96,500 /Kg

## संक्षिप्त समाचार

### आईसीसी रैंकिंग : तिलक नंबर-2 टी-20 बैटर्स सूर्या 4 और जायसवाल 9 पर

बढ़ता राजस्थान



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा टी-20 के टॉप-2 बैटर बन गए हैं। वे बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। इतना ही नहीं, वरुण चक्रवर्ती ने 25 स्थानों की छलांग लगाकर टॉप-5 गेंदबाजों में जगह बनाई है। 22 साल के तिलक वर्मा अब केवल ट्रैविस हेड से पीछे हैं। हेड 855 रैंकिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर हैं। वहीं, तिलक वर्मा के 832 रैंकिंग पॉइंट्स हैं। टी-20 बॉलर्स की रैंकिंग के वरुण चक्रवर्ती के 679 अंक हैं। वे 30वें स्थान पर थे।

बढ़ता TOON!




## राजस्थान में आया एक और जानलेवा वायरस, बदल जाएगी आवाज

### जयपुर में मिले 3 केस; डॉक्टर बोले-खुले में रखे खाने से होती है शरीर में एंट्री

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान में एक और खतरनाक वायरस के केस मिले हैं। सोलापुर (महाराष्ट्र) में मिले गुइलेन-बैरे सिंड्रोम जैसे केस जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में भी आए हैं। डॉक्टर्स के मुताबिक 3 मरीजों में इस वायरस की पुष्टि हुई है। हालांकि, डॉक्टर्स का कहना है कि ये बीमारी पुरानी है। गदंगी के कारण इसके केस बढ़ते हैं। इस बीमारी में मरीज के नर्वस सिस्टम पर अटैक होता है, जिसके कारण मरीज में न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर संबंधित परेशानियां आती हैं। सीनियर प्रोफेसर डॉ. दिनेश खंडेलवाल ने बताया- बीमारी का सबसे बड़ा कारण अस्वच्छ खाना-पानी है। बाजार में खुले में मिलने वाली चाट-पकौड़ी, पानी-पुरी, ठंडी चटनी, पानी आदि इस वायरस के फैलने की आशंका ज्यादा है।

**एंटीबॉडी ही बन जाती है शरीर की दुश्मन**-डॉ. दिनेश खंडेलवाल ने बताया- इस बैक्टीरिया से प्रभावित मरीज में बनने वाली एंटीबॉडी ही शरीर की दुश्मन बन जाती है। ये बैक्टिरिया किसी भी तरह (खाना, पानी या सांस) ह्यूमन बॉडी में प्रवेश करता है।

इससे लड़ने के लिए हमारा शरीर एंटीबॉडी बनाता है। खास बात ये है कि इन बैक्टिरिया के मॉलिक्यूल्स ऐसे होते है वो इंसान के शरीर के नर्व से बिल्कुल मिलते-जुलते होते हैं।

## मुंबई के श्री सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू

### स्कर्ट, कटे-फटे कपड़े और रिवीलिंग ड्रेस पहनकर जाने पर एंट्री नहीं

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक मंदिर के मैनेजमेंट ने मंदिर में आने वालों के लिए ड्रेस कोड तय किया है। स्कर्ट या रिवीलिंग ड्रेस (खुले कपड़े) पहनकर आने वालों को मंदिर में एंट्री नहीं दी जाएगी। नया नियम अगले हफ्ते से लागू होगा। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट ने कहा, मंदिर आने वालों को सभ्य और शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने होंगे। ऐसा नहीं करने पर श्रद्धालुओं को प्रभादेवी एरिया में एंट्री की परमिशन नहीं होगी। ट्रस्ट ने कहा कि मंदिर में देशभर से हर रोज हजारों श्रद्धालु आते हैं। कई लोग कपड़ों को लेकर शिकायत करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि पूजास्थल में छोटे कपड़े पहनकर आना अपमानजनक है।




# पीएम मोदी ने कहा : यमुना का पानी प्रधानमंत्री भी पीता है

## क्या हरियाणा वाले मुझे जहर देकर मारेंगे; शाम को हरियाणा सीएम ने नदी से पानी पीकर दिखाया



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के यमुना में जहर वाले बयान पर राजनीति बढ़ गई है। बुधवार सुबह दिल्ली में रैली के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा का भेजा यही पानी दिल्ली में हमारे सारे जज, जस्टिस, सम्मानित सदस्य पीते हैं। आपका प्रधानमंत्री भी यही पानी पीता है। क्या कोई सोच सकता है कि मोदी को जहर देने के लिए हरियाणा ने जहर दिया होगा।

इसके बाद शाम को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने राज्य के बॉर्डर पर पहुंचकर यमुना नदी का से पानी पीकर दिखाया। उन्होंने कहा कि मैंने बेहिचक और बेझिझक पवित्र यमुना के जल का आचमन किया। आतिशी जी तो आईं नहीं। कोई नया झूठ रच रही होंगी। झूठ के पांव नहीं होते। इसलिए आप-दा का झूठ चल नहीं पा रहा।

दरअसल, बुधवार को दिल्ली सीएम आतिशी ने ट्वीटर पोस्ट में कहा था कि नायब सैनी जी, मुझे पता चला है कि आप यमुना नदी के पल्ला घाट जा रहे हैं। मेरा आग्रह है कि आप और मैं साथ चलते हैं, मीडिया को भी लेकर चलते हैं। सबके सामने अमोनिया की मात्रा को नापेंगे। सबको पता चलना चाहिए कि हरियाणा सरकार दिल्ली वालों को जहरीला पानी भेज रही है।

### रैली में पीएम बोले- दिल्ली के पूर्व सीएम ने हरियाणा पर घिनौने आरोप लगाए

पीएम मोदी बुधवार को विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली पहुंचे थे। पीएम ने करतार नगर में 50 मिनट की स्पीच दी। इस दौरान उन्होंने शिक्षा घोटाला, शराब घोटाला, शीशमहल का जिक्र किया। साथ ही यमुना में जहर मिलाने के केजरीवाल के आरोपों का भी जवाब दिया। पीएम ने कहा- दिल्ली के एक पूर्व सीएम ने हरियाणा के लोगों पर घिनौने आरोप लगाए। क्या हरियाणा के लोग अपने बच्चों के पानी में जहर मिला सकते हैं क्या। पीएम ने चुनाव सभा के दौरान कुंभ हादसे का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा- महाकुंभ में जो दुखद हादसा हुआ, उसमें हमने कुछ पुण्य आत्माओं को खोया है। उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

### दिल्ली कर रही है कि आप-दा की लूट और झूठ नहीं चलेगा

आप यहां वर्किंग डे होने के बाद भी इतनी विशाल संख्या में, दोपहर के समय हम सबको आशीर्वाद देने आए हैं। मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं। लेकिन ये दृश्य है, ये दिल्ली का मूड बता रहा है। दिल्ली के जनादेश के दर्शन करा रहा है। दिल्ली कह रही है कि अब आप-दा के बहाने नहीं चलेगें। आप-दा के फर्जी वादे नहीं चलेंगे। दिल्ली कर रही है कि आप-दा की लूट और झूठ नहीं चलेगा।

2. दिल्ली के लोग भाजपा की डबल इंजन की सरकार चाहते हैं दिल्ली के लोग भाजपा की डबल इंजन की सरकार चाहते हैं। ऐसी सरकार चाहते हैं जो गरीबों के घर बनाए। दिल्ली को आधुनिक बनाए, हर घर नल से जल पहुंचाए, टैंकर माफिया से मुक्ति दिलाए।

## सम्पादकीय

# आगामी केंद्रीय बजट में मिल सकती हैं कई सौगात

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में भारत की आर्थिक विकास दर कुछ कमजोर रही है। प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इससे वित्त वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में आर्थिक विकास दर के कम होने के कारणों में मुख्य रूप से देश में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव है और आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है। साथ ही, देश में मानसून की स्थिति भी ठीक नहीं रही है। केंद्र सरकार ने हालांकि मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता तो अर्जित कर ली है परंतु उच्च स्तर पर बनी रही मुद्रा स्फीति के कारण कुल मिलाकर आम नागरिकों विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव जरूर पड़ा है और कुछ मध्यमवर्गीय परिवारों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन कर रहे परिवारों की श्रेणी में जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की जितनी अधिक संख्या रहती है, उस देश की आर्थिक विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रहती है क्योंकि मध्यमवर्गीय परिवार ही विभिन्न प्रकार के उत्पादों (दो एवं चार पहिया वाहन, फ्रिज, एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों एवं नए फ्लैट्स एवं भवनों आदि) को खरीदने पर अपनी आय के अधिकतम भाग का उपयोग करता है। इससे आर्थिक चक्र में तीव्रता आती है और इन उत्पादों की बाजार में मांग के बढ़ने के चलते इनके उत्पादन को विभिन्न कम्पनियों द्वारा बढ़ाया जाता है। इससे इन कम्पनियों की आय एवं लाभप्रदता में वृद्धि होती है एवं देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। भारत में पिछले कुछ समय से मध्यमवर्गीय परिवारों की व्यय करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। एक फरवरी 2025 को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे केंद्रीय बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विशेष रूप से आय कर में छूट की घोषणा करेंगी।

देश के कई अर्थशास्त्रियों का तो यह भी कहना है कि न केवल आयकर में बल्कि कारपोरेट कर में भी कमी की घोषणा की जानी चाहिए। इनफोसिस के संस्थापक सदस्यों में शामिल मोहनदास पई का कहना है कि 15 लाख से अधिक की आय पर लागू 30 प्रतिशत की आयकर की दर को अब 18 लाख से अधिक की आय पर लागू करना चाहिए। आयकर मुक्त आय की सीमा को वर्तमान में लागू 7.75 लाख रुपये की राशि से बढ़ाकर 10 लाख कर देना चाहिए। आयकर की धारा 80सी के अंतर्गत किए जाने निवेश की सीमा को भी 1.50 लाख रुपये की राशि से बढ़ाकर 2 लाख कर देना चाहिए। मकान निर्माण के लिए लिए गए ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज पर प्रदान की जाने वाली आयकर छूट की सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपये किया जाना चाहिए। फरवरी महीने में ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मोनेटरी पोलिसी की घोषणा भी होने जा रही है। रिजर्व बैंक से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे रेपो दर में कम से कम 25 अथवा 50 आधार बिंदुओं की कमी तो अवश्य करेंगे। क्योंकि, पिछले लगातार लगभग 24 माह तक रेपो दर में कोई भी परिवर्तन नहीं करने के चलते मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा मकान निर्माण एवं चार पहिया वाहन आदि खरीदने हेतु बैंकों से लिए गए ऋण की किश्त की राशि का बोझ बहुत अधिक बढ़ गया है। बैंकों से लिए गए इस प्रकार के ऋणों एवं माइक्रो फाइनेंस की किश्तों की अदायगी में चूक की घटनाएं भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। अब मुद्रा स्फीति की दर खाद्य पदार्थों के कुछ महंगे होने के चलते ही उच्च स्तर पर आ जाती है जबकि कोर मुद्रा स्फीति की दर तो अब नियंत्रण में आ चुकी है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 30 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- डेनमार्क और ल्यूबेक के बीच 1522 में युद्ध।
- पुर्तगाल ने मलक्का की खाड़ी को 1641 में मलाया डचों को सौंप दी।
- हॉलैंड और स्पेन के बीच 1648 में शांति समझौता हुआ।
- इंग्लैंड के सम्राट 'चार्ल्स प्रथम' को 1649 में फांसी दी गई।
- ब्रिटेन के राजकुमार' चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट' की 1788 में रोम में मौत हो गयी।
- लाइफबोट के तौर पर निर्मित पहली नाव का 1790 में टायन नदी में परीक्षण।
- कोरिया और चीन की स्वतंत्रता के बारे में 1902 में जापान और ब्रिटेन के बीच पहली 'आंग्ल-जापानी संधि' पर लंदन में हस्ताक्षर हुए।
- लॉर्ड कर्ज़न ने 1903 में मेटकाफ़ हॉल में 'इंपीरियल लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया।
- 'कैनेडियन नेवल सर्विस' का नाम 1911 में बदलकर 'रॉयल कैनेडियन नेवी' किया गया।
- 'हाउस आफ लॉर्ड्स' ने 1913 में आइरिश होम रूल बिल को खारिज किया।
- एडॉल्फ हिटलर ने 1933 में आधिकारिक रूप से जर्मनी के चांसलर की कमान सम्भाली।
- सोवियत संघ की एक पनडुब्बी में 30 जनवरी, 1941 को जर्मनी का एक पोत डूब गया, जिससे उसमें सवार करीब 9 हजार लोगों की जान चली गई।
- स्टालिन ग्राफ के पास सोवियत फौजों से 1943 में जर्मन सेना हारी।
- भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की नाथूराम गोडसे ने 1948 में आज ही के दिन हत्या की थी।
- रात्रि एयर मेल सेवा की शुरूआत 1949 में हुई।
- दक्षिण वियतनाम में सेना ने 1964 में सत्ता पर कब्ज़ा किया।
- दूसरे विश्व युद्ध के समय देश के प्रधानमंत्री रहे विंस्टन चर्चिल को 30 जनवरी 1965 को ब्रिटेन के लोगों ने अंतिम विदाई दी। आपको बता दें कि विंस्टन चर्चिल एक प्रखर वक्ता ही नहीं बल्कि एक कुशल कूटनीतिज्ञ भी थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया था।
- इंडियन एयरलाइंस के 'फोकर फ्रेंडशिप विमान' का 1971 में अपहरण।
- पाकिस्तान ने 1972 में 'राष्ट्रमंडल' से अपना नाम वापस लिया।
- अमेरिका ने 30 जनवरी, 1989 को अफगानिस्तान के काबुल में अपना दूतावास बंद कर दिया।
- इराकी सेना ने 30 जनवरी 1991 को सउदी अरब की सीमा के पास एक शहर पर कब्जा कर लिया। इस आक्रमण में करीब 12 अमेरिका सैनिकों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था।
- सैंतालिस वर्षों बाद 1997 में महात्मा गांधी की अस्थियाँ संगम में विसर्जित।
- वैज्ञानिकों ने 30 जनवरी साल 2004 को मंगल यान पर भेजे गए अंतरिक्ष यान अपोर्चुनिटी को मंगल ग्रह पर आयरन ऑक्साइड की मौजूदगी का एलान किया था।

## विशेष आलेख

### गांधी निर्वाण दिवस पर विशेष

# अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत




– ललित गर्ग

**महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना।' मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है। मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थो के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी मेक इन इंडिया का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं। हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बढ़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बढ़ रही है।

### महाकुंभ पवित्र गंगा स्नान का महा-आयोजन

# वैश्विक आध्यात्मिक गुरु बनने की महत्वपूर्ण पहल



– संजीव ठाकुर

**प्रयागराज में 144 वर्ष में आने वाले महाकुंभ के आयोजन ने यह तो सिद्ध कर दिया है की लगभग देश और विदेश के नागरिक इस महाकुंभ की पवित्र अवसर पर गंगा में स्नान करेंगे एवं पुण्य लाभ उठाने का प्रयास भी करेंगे। भारत के ही लगभग 45 से 50 करोड़ श्रद्धालु इस पुण्य महाकुंभ में गंगा के संगम में पुण्य स्नान करने का लाभ उठाने वाले हैं। विश्व में इस अनूठे आयोजन को देखने विदेश के हजारों, लाखों पर्यटक गंगा में डुबकी लगाने लगातार प्रयागराज आ रहे हैं एवं पुण्य गंगा स्नान का लाभ उठा रहे हैं।**

महाकुंभ के गंगा स्नान एवं गंगा पूजन ने इस बात को सिद्ध कर दिया है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सफल धार्मिक प्रशासक वैश्विक स्तर पर निर्विवाद नेतृत्व कर्ता के रूप में स्थापित हो चुके हैं और इस महाकुंभ के आयोजन से यह भी स्थापित कर दिया है कि भारत का सनातन वैभव और सांस्कृतिक संपदा और परंपरा विश्व में स्थापित होने जा रही है भारत वैश्विक सनातनी गुरु बनने की ओर मार्ग प्रशस्त कर चुका है इस आयोजन ने पूरे विश्व को धर्म के प्रति आस्था एवं समर्पण से अभिभूत कर दिया है अब भारत को आध्यात्मिक विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता है। मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानवीय जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा द्यइसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी। कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे द्य निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है। जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैंद्य संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं । इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है। मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारे आज के शख्सियत कॉलम के स्टार हैं शिक्षाविद् व साहित्यकार श्री सुरेश कुमार तनेजा जी। 15 सितम्बर 1968 को अलवर के गांव माणका ग्राम पंचायत माणका तहसील मुंडावर, जिला अलवर में जन्में शुरू से ही संस्कार और अपनी संस्कृति की मिट्टी से जुड़े रहे। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक शिक्षा गांव के विद्यालय में शिक्षा हुई उसके बाद माध्यमिक शिक्षा खैरथल से उच्च शिक्षा आट्र्स कॉलेज अलवर से करने के बाद बीएड जैन टीटी कॉलेज अलवर पोस्ट ग्रेजुएशन हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, वीएमओयू कोटा से एम.एड कर सरकारी सेवाओं में शामिल हुए। 20 वर्ष जालोर जिले में अपनी सेवाए दी। 5 वर्ष यशवन्त विद्यालय अलवर,वर्तमान में रूंध सीरावासए,अलवर में अपनी सेवाए दे रहे हैं। उपखण्ड स्तर पर सम्मानित शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। इन शब्द प्रतिभा बहू क्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी आशु काव्य लेखन प्रतियोगिता में काव्यश्री का सम्मान भी मिला, इसके साथ ही विश्व हिंदी सृजन सागर मंच द्वारा श्रेष्ठ रचनाकार विषय पर वाणी कीमती आभूषण से नवाजा गया। विश्व हिंदी गौरव सम्मान-2025 भी इन्हीं की गोद में आया जहां विश्व हिंदी गौरव सम्मान से इन्हें नवाजा गया। बहुत मर्म के



सुरेश कुमार तनेजा
(शिक्षाविद् व साहित्यकार)

साथ साहित्य को बखूबी शब्दों में पीरोकर अमूल्य शब्दावली से लेखन करने वाले शानदार व्यक्तित्व है तनेजा जी। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_029 a बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 7 | | | 4 | | | 6 |
| 5 | 6 | | 3 | | | | | 7 |
| | | 1 | 7 | 6 | | 8 | 5 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | | 5 |
| | 4 | | | 5 | | 6 | | 3 |
| | | 3 | | 2 | 1 | 7 | 8 | 4 |
| | | 6 | | | 5 | 4 | 2 | |
| | 9 | 5 | 6 | | | | | 1 |
| 7 | | | 2 | 9 | | | | 8 |

### Ans_2025_028

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 9 | 1 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 4 | 9 |
| 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 2 | 6 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 4 | 7 | 5 | 3 |
| 2 | 4 | 3 | 6 | 5 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 |
| 5 | 6 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**वृष**

प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**मिथुन**

काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

**कर्क**

आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वाणी और व्यवहार उग्रता न हो, इसका ध्यान रखें।

**सिंह**

मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

**कन्या**

आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

**तुला**

दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**वृश्चिक**

जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**धनु**

आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**मकर**

मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**

महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**मीन**

अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

राइजिंग राहोली एजुकेशन समिट 2025 का भव्य आगाज

# राहोली ने शिक्षा क्षेत्र में नई पहचान बनाई है- विधायक रामसहाय वर्मा

बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में राइजिंग राहोली एजुकेशन समिट 2025 का भव्य आगाज हुआ। प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि राइजिंग राहोली कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग व दान देने वाले भामाशाह, शिक्षा क्षेत्र उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षक व विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रामजीलाल बैरवा,लवेश मीना, पंचायत समिति सदस्य शंकर लाल अटल व समाजसेवी शंकर लाल हाथीवाल रहे। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राहोली का राइजिंग हम सभी देख रहे है जो हम सब के लिए गौरव की बात है। राहोली को आज शिक्षा पंचायत के रूप में नई पहचान दिलवाने का कार्य यहाँ के बच्चे व शिक्षक कर रहे है जो सभी के लिए अनुकरणीय है। ग्रामीणजन भी अब शैक्षणिक विकास के लिए विद्यालयों से जुड़ रहे है सहयोग कर रहे जो बहुत ही सराहनीय कदम है।

# ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज की योजनाओं में प्रगति लाएं-डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की क्रियान्विति एवं प्रगति को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला परिषद के सीईओ परशुराम धानका, एसीईओ ललित कुमार एवं जिले के सभी विकास अधिकारी एवं सहायक अभियंता मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, सांसद एवं विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, एमजेएसए, मनरेगा में



जिले की प्रगति की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने सभी बीडीओ से स्वीकृत आवासों में जारी व बकाया प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त, पूर्ण आवास, अपूर्ण आवास की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिए कि अपूर्ण आवास को शीघ्र पूर्ण कराएं जाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही, जो लाभार्थी बार-बार समझाइश के बाद भी आवास नहीं बना रहे है, उनके विरूद्ध रिकवरी की कार्यवाही अमल में लाई जाएं। इसके लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में एलआर एक्ट में कार्यवाही के लिए भी लिखे। जिला कलेक्टर ने विकास अधिकारी उनियारा एवं सहायक अभियंता के आधी-अधूरी जानकारी के साथ मीटिंग में आने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने दोनों को 17 सीसी के नोटिस जारी करने के लिए सीईओ को निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने सांसद एवं विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में स्वीकृत, पूर्ण, प्रगतिरत एवं आरंभ हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए इन्हें शीघ्र पूर्ण कराकर आमजन को इसका लाभ दिए जाने पर जोर दिया। स्वच्छ भारत मिशन में ग्राम पंचायतों की सफाई एवं एमजेएसए व मनरेगा में प्रगतिरत कामों की जानकारी ली।

## शहीद दिवस आज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** शहीद दिवस पर गुरुवार, 30 जनवरी को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को प्रात: 11:00 बजे 2 मिनट का मौन धारण कर याद किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि इससे पहले जिला मुख्यालय के गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रामधुनी और गांधी जी के प्रिय भजनों का गायन होगा।

## मुख्य आरोपितो को गिरफ्तार करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** अखिल भारत वर्षीय श्री नामदेव छीपा महासभा समिति की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मालपुरा में अजमेर रोड स्थित एक नीजि स्वामित्व वाले खेत पर रखवाली कर रहे समाज के लोगो पर हमला कर घायल करने के मामले में फरार मुख्य आरोपितो की गिरफ्तारी की मांग की गई है।

महासभा अध्यक्ष श्रीराम सोपरा के हस्ताक्षरो से महासभा के लेटरपेड लिखे पत्र की प्रति को प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित की गई है। इस पत्र में अवगत कराया गया कि रामबाबू पुत्र रामकल्याण नामा निवासी मालपुरा की पुश्तेनी खेती की जमीन अजमेर रोड पर स्थित है। खेत मालिक व उनके परिवार जन खेती की रखवाली कर रहे थे। इसी दोरान गत 28 दिसम्बर 2024 को मध्य रात्रि के समय कुछ लोगो ने जेसीबी मशीनो व धारघार हथियारो से लेख होकर मौके पर पहुंच कर रखवाली करने वालो पर हमला कर गंभीर रूप से घायल किया था। इस मामले को लेकर पुलिस में नामजद रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगो को गिरफ्तार भी किया गया था। लेकिन इस मामले के मुख्य आरोपी अभी तक खुले घूम रहे हैं। पत्र में बताया गया कि हमला करने व आरोपितो की गिरफ्तार नहीं होने से सम्पूर्ण समाज व महासभा में गहरा आक्रोश व्याप्त है। पत्र में मामले के मुख्य आरोपितो को शीघ्र गिरफ्तार करने व मामले की जांच क्राइम बांच से करवाए जाने की मांग की गई है।

## वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में खेल दिवस वार्षिक उत्सव का आयोजन धूम धाम से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ओर अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी और उद्योग पति ओमप्रकाश गुप्ता ने की। प्राचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि राजस्थान सरकार की पीएम श्री योजन में शामिल वार्षिक उत्सव खेल दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें विद्यालय के भामाशाह बृज मोहन शर्मा,अनीता पारीक,किशोर कुमार वर्मा का प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत ओर सम्मान किया गया, कार्यक्रम में विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर्ता और गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बालकों को सम्मानित किया गया,कार्यक्रम में प्राचार्य ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और बालकों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर खेल गतिविधियां भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के सफल संचालन पर प्राचार्य ने सभी अतिथियों,शाला स्टाफ और बालकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अवैध बजरी परिवहन करते दो डंपर,एक ट्रेलर,जप्त,चालक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जिला एसपी विकास सागवान के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध बजरी खनन परिवहन को रोकने के क्रम में सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई की। थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन करते दो डंपर और एक ट्रेलर को जप्त किया है और चालक रामरतन मीणा,हेमराज गुर्जर,शंकरलाल गुर्जर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी चालकों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## जिला कलेक्टर डॉ. झा ने मृतकों के आश्रितों को 4 लाख की आर्थिक सहायता से लाभान्वित किया

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(का.स.)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने अलग-अलग दुर्घटनाओं में मृतक व्यक्तियों के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता से लाभान्वित किया है। जिला कलेक्टर डॉ. झा ने बताया कि दुर्घटना में मृतक कमलेश गुर्जर पुत्र चतुर्भुज गुर्जर निवासी ग्राम हथौना तहसील टोंक, महावीर जाट पुत्र नेकपाल निवासी हाड़ीकलां तहसील पीपलू, अशोक कुमार पुत्र गोपीलाल निवासी अन्नपूर्णा डूंगरी टोंक एवं मृतक निखिल कुमार जैन पुत्र हरक चंद जैन निवासी ग्राम चौरू तहसील अलीगढ़ के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई हैं।

# तालुका विधिक सेवा समिति की मीटिंग आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा अदालत परिसर स्थित अवकाशगार एडीजे कोर्ट में अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश व तालुका विधिक सेवा समिति मालपुरा अध्यक्ष कृष्ण मुरारी जिन्दल की अध्यक्षता में समिति की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बुधवार को आयोजित मीटिंग में लम्बित विधिक सहायता के आवेदन पत्रो पर विचार विमर्श किया गया।



समिति सचिव रवि कुमार जांगीड़ ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष के निर्देशानुसार आयोजित मीटिंग बताया गया कि समिति के पास नि:शुल्क विधिक सहायता के कुल 16 आवेदन पत्रो व न्यायालय से प्रकरण के निस्तारण होने से शेष भुगतान हेतु लम्बित 2 आवेदन पत्रो को स्वीकृत किया गया। मीटिंग में समिति के पदेन सदस्य अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद कुमार मीणा, एएसपी मोटाराम बेनीवाल, अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र राजपुरोहित ने भाग लिया। मीटिंग के साथ ही उप कारागृह मालपुरा में विधिक जागरूकता शिविर व विधिक सेवा क्लिनिक का संचालन किया गया। कार्यक्रम में मौजुद पैनल अधिवक्ता अब्दुल रज्जाक पीएलवी रामप्रसाद वर्मा ने बदींयो को विभिन्न नियमो , अधिनियमो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## गौ सेवक झबर सिंह ने गौशाला के लिए 3 लाख 33 हजार पांच सो रूपये की राशि दान की

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा क्षैत्र के तिलांजू ग्राम पंचायत निवासी व पूर्व सैनिक झबरसिंह ने अपना जीवन गौ माता की सेवा के नाम लिखते हुए एकत्रित 1 लाख 33 हजार 5 सो व स्वयं के नीजि कोष से 2 लाख रूपये कुल 3 लाख 33 हजार 5 सो रूपये राशि गोशाला के लिए दान कर गौ माता की सेवार्थ बहुत बड़ा व महान पुण्य का कार्य किया है। पूर्व झबर सिंह सेवा से सेवानिवृत होने के बाद पंचायत समिति मालपुरा के सेवा केन्द्र पर सुरक्षा गार्ड का काम किया। लेकिन इसी दौरान उनको गौ माता की सेवा करने का पुण्य एवं महान कार्य शुरू किया। अपने कार्य के दौरान जब भी समय मिलता सिंह अपने हाथ में दानपेटी लेकर बाजारो में दुकान दुकान सहित किसी भी सार्वजनिक अथवा धार्मिक कार्यक्रमो में पहुंच कर गौ माता



की सेवा के लिए राशि एकत्रित करने का कार्य शुरू किया।

इसी बीच उन्होंने सेवा केन्द्र के गार्ड से अपना मोह दूर कर अपना सम्पूर्ण जीवन ही गौ माता की सेवा के लिख दिया। बाबो सा के नाम से प्रसिद्ध झबर सिंह दिन भर केवल गौ माता की सेवार्थ राशि एकत्रित करने का काम करते हैं। इतना ही नहीं एकत्रित राशि में स्वयं के नीजि कोष से राशि मिलाकर गौशाला समिति को दान करते रहते हैं।

# ग्रामीणों ने किया अधूरे अंडर ब्रिज का उद्घाटन

## आरपीएफ ने दर्ज की रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी /सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आए दिन यातायात की समस्याओं से निजात पाने के लिए ग्रामीणों द्वारा स्वयं ही एक अधूरे रेल अंडर ब्रिज का उद्घाटन करने का मामला प्रकाश में आया है।

उन्होंने न केवल ब्रिज का नामकरण सरपंच हंसराज के नाम पर किया बल्कि एक नाम पट्टिका भी लगा दी। इसके बाद से ग्रामीण इस पुल का उपयोग करने लगे।

### आरपीएफ ने दर्ज की रिपोर्ट

उधर जब इस घटना की सूचना रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को मिली तो उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर नाम पट्टिका हटवाई और अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### ग्रामीणों की मजबूरी

ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे द्वारा इस अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य काफी समय से चल रहा था। बार-बार शिकायत करने के बावजूद काम में कोई प्रगति नहीं हुई। इससे उन्हें काफी परेशानी हो रही थी।

इसलिए उन्होंने स्वयं ही पुल का उद्घाटन करने का फैसला लिया।

### पुल की गुणवत्ता पर सवाल

मावठ में ही टपका, ग्रामीणों ने इस पुल के घटिया होने का भी आरोप लगाया।

ग्रामीणों ने बताया कि यह पॉल पिछले दिनों हुई मावठ में ही टपक गया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की बारिश में इस पुल का क्या हाल होगा।

## जलदाय मंत्री प्रथम पूज्य भगवान गणपति की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी अपने नियमित दौरे के दौरान सवाईमाधोपुर पहुंचने पर सर्वप्रथम श्री त्रिनेत्र गणेश जी के दरबार में पहुंच कर क्षेत्र व सम्पूर्ण प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की। कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौघरी बुधवार को अपने नियमित सरकारी दौरे के चलते सवाईमाधोपुर पहुंचे। इस दौरान चौधरी ने अपने सरकारी कामकाज को विराम देकर सर्वप्रथम प्रथम पूज्य भगवान त्रिनेत्र गणेश जी महाराज के दरबार में पहुंचे।

यहां चौधरी ने पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना क्षैत्र मालपुरा क्षैत्र सहित सम्पूर्ण प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की।

# मंडल अध्यक्ष की दावेदारी में एक ओर मजबूत नाम आया सामने

## बूथ अध्यक्ष एडवोकेट महेश शर्मा के सिर पर भी सज सकता है मंडल अध्यक्ष का ताज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक चुनावो में मंडल अध्यक्षो की नियुक्ति में हो रही देरी के साथ साथ मंडल अध्यक्षो के दावेदारो के नाम भी बढ़ते जा रहे हैं।

भाजपा मालपुरा शहर मंडल अध्यक्ष के नाम को लेकर पिछले कई दिनो से कयास लग रहे हैं। इन कयासो के अनुसार अब तक मनीष जैन टोरड़ी, जितेन्द्र मेन्दवास्या, रामजीलाल शर्मा, कृष्णगोपाल गुर्जर सहित अन्य कई नाम सामने आ रहे थे। इन सभी दावेदारो के नाम सामने आने के बाद कयास यही लग रहे थे कि मालपुरा भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष इन्ही में से कोई बन सकता है और इसका खुलासा भी शीध्र हो सकता है। लेकिन अभी तक भी भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष के नाम की धोषणा नहीं होने के चलते दावेदार भी लगातार बढ़ रहे हैं। मालपुरा मंडल अध्यक्ष के दावेदारो की सूची में अब एक नाम ओर सामने आ रहा है। भाजपा के पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष वर्तमान बूथ अध्यक्ष का कार्य देख रहे संघ पृष्ठ भूमि से जुड़े युवा एडवोकेट महेश शर्मा भी मजबूत दावेदारो की सूची में शामिल हो चुके हैं। शर्मा के बारे में बात की जाए तो स्वयं शर्मा व इनके बड़े भ्राता एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चोधरी के खास सिपहसालारो की सूची में शामिल है। एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा भाजपा के टिकिट पर पंचायत राज संस्थाओ के चुनाव भी लड़ चके हैं। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष की सूची में मजबूत दावेदार के रूप में सामने आए बूथ अध्यक्ष एडवोकेट महेश शर्मा ने संगठन के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा का प्रदर्शन करते हुए विधानसभा व लोकसभा चुनावो में अपने बूथ से भाजपा को अच्छी खासी बढ़ूत भी दिलाई थी। साथ ही भाजपा के हर कार्य में अगवा रह कर कड़ी मेहनत करना ही एडवोकेट महेश शर्मा अपने आपको मंडल अध्यक्ष के रूप में मजबूत दावेदार के रूप में अपना नाम सामने लाने में सफल हुए हैं। माना यह भी जा रहा है कि भाजपा के मंडल अध्यक्षो की नियुक्ति में जितनी देरी होगी उतने दावेदारो की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी रहेगी। कयास भी लगाए जा रहे हैं कि भाजपा प्रदेश संगठन की ओर से शीध्र मंडल व जिलाध्यक्षो की नियुक्ति को अन्तिम रूप देकर नामो की धोषणा कर सकती है। यह भी बिलकुल सत्य है कि मालपुरा व टोडारायसिंह में भाजपा के संगठनात्मक दृष्टि से होने वाली नियुक्तियो में सबसे बड़ी अनुशंषा जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की ही होगी। अर्थात जो चौधरी चाहेगें वो भी होगा। लोग तो यहां तक कयास लगा रहें हैं कि टोंक जिलाध्यक्ष की नियुक्ति में भी जलदाय मंत्री चौधरी का बहुत बड़ा हाथ हो सकता है।

# बाजार में आए दिन आवारा सांडों का आतंक, जिम्मेदार हैं खामोश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** शहर में नगरपरिषद प्रशासन की अनदेखी से सडकों पर आवारा जानवर मुसीबत बनते जा रहे है। जिला कलेक्ट्रेट, कोटा-लालसोट मेगा हाइवे, सब्जी मण्डी रोड सहित कई जगहों पर यह इधर-उधर विचरण करते नजर आ रहे है। ऐसा ही एक मामला सोमवार को जिला न्यायालय के मुय गेट के सामने हुआ। दो आवारा सांड अचानक से आमने-सामने भिड़ गए। इस दौरान रास्ते में करीब तीन से चार बाइक गिर गई और दो-तीन लोग बाल-बाल बच गए। गनीमत रही दोनों सांडों के लडने के दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।



### लोगों में बना रहा डर

जिला न्यायालय के सामने अचानक से दोनों बिजारों के लड़ने से एक बारगी लोगों में डर बन गया। लड़ते-लड़ते दोनों दूर-दूर तक जा रहे थे। ऐसे में आसपास खड़े लोग एकाएक सकपका गए और इधर-उधर पहुंचकर अपना बचाव किया।

### दिनभर खुले में घूमते है

आवारा बिजार दिनभर बाजार व मंडी में खुले घूमते हैं। दुकानों में घुस जाते हैं। आपस में लड़ते हैं और गंदगी फैलाते हैं। ऐसे में लोगों को बैठना व राहगीरों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

### दो दिन पहले भी भिड़ गए थे

स्थानीय नागरिक सुधीर शर्मा, शंकर लोधा, हंसराज आदि ने बताया कि नगरपरिषद प्रशासन की लापरवाही से आए दिन सांडों के लडने के मामले सामने आ रहे है।

गत दो दिन पहले भी कोटा-लालसोट मेगा हाइवे पर मानटाउन थाने के पास दो बिजार अचानक से भिड़ गए। गनीमत रही इस दौरान आसपास कोई नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों ने जिला कलक्टर व नगरपरिषद आयुक्त से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की।

## गांव बंद अभियान के समर्थन में निवाई क्षेत्र के गांव रहे बंद,पलेई गांव से नहीं गया 2000 लीटर दूध बाहर



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई में गांव बंद अभियान के समर्थन में गांव बंद रहे। ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में जाने वाली सुविधाओं पर विराम लग गया। किसान महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य को गारंटी कानून बनाने के समर्थन में 29 जनवरी गांव बंद अभियान के अंतर्गत आज टोंक जिले के निवाई तहसील के 206 गांव बंद रहे किसानों द्वारा किए जा रहे उत्पादन दूध सब्जियां एवं अन्य सामान अपने गांव से बाहर नहीं बेचने गए यदि किसी को कोई सामान चाहिए तो वह गांव में आकर है ले सकता है किसान जन जागृति यात्रा ग्राम पंचायत पलेई से शुरू होकर निवाई क्षेत्र की 41 ग्राम पंचायत में गांव-गांव में जाकर लोगों को गांव बंद का संदेश दिया किसानों ने अपनी आमदनी का मुख्य स्त्रोत दूध बाजारों में बेचने नहीं गए जिसका उदाहरण ग्राम पंचायत पलेई में चार डेरी केंद्र एवं कही छोटे किसान शहरों में दूध देने प्रतिदिन जाते हैं। 2000 लीटर दूध गांव से बाहर बेचने नहीं गए उसे दूध का उपयोग उन्होंने खीर छाछ घी एवं घरेलू काम में लिया उन्होंने अपने शुद्ध घी का मूल्य ?1100 तय किया इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने सभी किसान भाइयों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महासचिव गोविंद चौधरी सूरज नारायण जाट नवल सिंह राजावत भवानी शंकर चौधरी सूरजमल चौधरी खेमराज मीणा शिवराज चौधरी शंकर लाल बजरंग लाल चौधरी एवं अन्य किसान लोग उपस्थित थे।

# रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहा था हुक्का बार

## पुलिस ने किया मैनेजर को गिरफ्तार, भारी मात्रा में हक्का सामग्री बरामद



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** ज्योति नगर थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे अवैध हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपित मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने वहां से एक दर्जन से अधिक हुक्के,चिलम, पाइप, कटौरी व कई फ्लेवर जब्त किया है। यह हुक्का बार थाना इलाके में स्थित पंकज सिंघवी मार्ग पर स्थित फैरो अली किचन लालकोठी जयपुर में एक रेस्टोरेंट में चल रहा था। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आंनद ने बताया कि ज्योति नगर थाना इलाके मे पिछले कुछ दिनों से फैरो अली किचन रेस्टोरेंट की आड़ में नौजवानों को हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर एक पुलिसकर्मी को सादा वर्दी में भेज कर इसकी तस्दीक करवाई। इसके बाद पुलिस ने छापा मार कर मैनेजर जयप्रकाश शर्मा निवासी करवी जिला चित्रकूट उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा मौके पर हुक्का पी रहे नौ लोगों का कोटवा एक्ट में 18 हजार रुपये का चालान भी काटा गया। साथ ही पुलिस ने वहां से एक दर्जन से अधिक हुक्के, चिलम, पाइप, कटिंग व कई फ्लेवर जब्त किया है।

# प्रतिनियुक्ति से भरे जाएंगे छात्रावासों में वार्डन एवं कोच के रिक्त पद

## जयपुर जिले के रिक्त पदों के लिए 1 फरवरी को होंगे साक्षात्कार, जनजातिय क्षेत्रीय विकास विभाग (माडा) ने जारी किये आदेश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जनजातिय क्षेत्रीय विकास विभाग के अधीन छात्रावासों में वार्डन एवं कोच के रिक्त पद प्रतिनियुक्ति से भरे जाएंगे। जनजातिय क्षेत्रीय विकास विभाग (माडा) के अतिरिक्त आयुक्त (तृतीय) डॉ. नरेन्द्र चौधरी ने बताया कि जयपुर संभाग के विभागीय राजकीय जनजातिय विभाग के अधीन छात्रावासों में रिक्त अधीक्षक/ अधीक्षिका एवं कोच के पदों पर शिक्षा विभाग के कार्मिकों को प्रतिनियुक्ति पर लागाये जाने के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन होगा। जयपुर जिले के समस्त छात्रावासों के लिए दिनांक 1 फरवरी 2025 को प्रातः 9:30 बजे से साक्षात्कार आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि जयपुर जिला परिषद जयपुर में दौसा जिले के छात्रावास आलीयापाड़ा, निहालपुरा, कालीपहाड़ी, मोहनपुरा, रालावास, मोनापुरा, उकरून्द के लिए दिनांक 30 जनवरी, 2025 को प्रातः 9:30 बजे से, किरनावर, भावता-भावती, नान्दरी, नांगल, प्यारीवास, नांगल राजावतान, बिदरखां, नयागांव और घूमाना के लिए दिनांक 31 जनवरी, 2025 को प्रातः 9:30 बजे से साक्षात्कार आयोजित किये जाएंगे।

# एसएमएस अस्पताल के आयुष्मान टावर में लगी आग : एक दमकल ने पाया आग पर काबू

## वैल्डिंग से निकली चिंगारी से फाइबर ने पकड़ी आग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन आयुष्मान टावर में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर बाईस गोदाम फायर स्टेशन से एक दमकल ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग से मौके पर रखा वायर और फाइबर सीट जल गई। आग लगने की वजह वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी को बताया जा रहा है। घटना के दौरान बेसमेंट में लिफ्ट के वेल्डिंग का काम चल रहा था। आग लिफ्ट के रास्ते 22वीं मंजिल तक पहुंच गई थी। आग का धुआं करीब दो किमी दूर से नजर आ रहा था। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर करीब आधा घंटे में ही काबू पा लिया। फायर कर्मचारी दीपक चंद ने बताया कि आयुष्मान टावर के बेसमेंट में लिफ्ट की बिल्डिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान मौके पर रखा हुआ फाइबर ने आग पकड़ ली। इसके बाद आग का धुआं लिफ्ट के रास्ते होता हुआ टावर के टॉप तक चला गया। जिस से लोगों को लगा की बिल्डिंग में बडी आग लग गई हैं। आग बेसमेंट में रखे कबाड़ में लगी थी। धुआं देख लोगों को लगा था आग बड़ी थी लेकिन ये बेसमेंट तक ही थी। बिल्डिंग का काम अभी जारी है।

गौरतलब है कि इस टावर में 1200 बैड (792 जनरल, 150 कॉटेज, 166 आईसीयू और 92 प्रीमियम रूम) होंगे। इसके अलावा 20 ऑपरेशन थिएटर के अलावा 100 ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर होंगे। इसके अलावा सिटी, एमआरआई, मेडिकल साइंस गैलेरी, फार्मेसी स्टोर, सेमिनार हॉल समेत अन्य कई सुविधाएं विकसित होगी।यहां कई तरह की जांच के लिए अत्याधुनिक मशीनें लगाई जाएगी। इस बिल्डिंग में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 16 लिफ्ट लगाई जाएंगी। जबकि दो मंजिल पर पार्किंग डवलेप होगी। इसके अलावा इसी तरह हार्ट से संबंधित मरीजों का इलाज और यहां पढ़ाई करने वाले मरीजों के लिए एक नई यूनिट भी बनाई जाएगी। इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंस खोला जाएगा। 4 मंजिला इस बिल्डिंग में ओपीडी रूम, सिटी स्कैन-एमआरआई लैब, कार्डियक डायग्नोसिस, हीमेटोलोजी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, 4 कैथ लैब, 3 ऑपरेशन थिएटर समेत अन्य सुविधाएं विकसित की जाएगी। इसके अलावा सबसे टॉप फ्लोर पर रिसर्च रूम और टीचिंग रूम बनाया जाएगा।

# भूमि परिवतिर्त को लेकर वार्ड नं 13 के वासीयों ने उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के ग्राम पंचायत कोलवी उर्फ मंडी राजेन्द्र पुर (चौमहला) के वार्ड नंबर 13 शनि मंदिर के आसपास के निवासी ने ग्राम पंचायत चौमहला मै भूमि परिवर्तित को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा।वर्षो से बिजली, पानी ,सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं के नही मिलने से परेशान है।इस पर भी इन्हें सफाई ,पेयजल ,रोशनी के लिए तरसना पड़ रहा है।

कहने को इस क्षेत्र के निवासी ग्राम पंचायत चौमहला के वार्ड नम्बर 13 के निवासी है।जो चौमहला सरपंच चुनाव में वोट करते है लेकिन खेद का विषय है जानकारी के अनुसार उपरोक्त समस्याओं के बारे में पंचायत ने दो टूक गैर जिम्मेदाराना जवाब दे रखा है कि आप हमारी पंचायत क्षेत्र में नही आते हो तलावली पंचायत में आते हो।दो पंचायतो के बीच यहाँ के निवासी ला वारिस हो गए।जिससे परेशान होकर इस वार्ड की महिलाओं ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोप कर उक्त समस्याओं को शीघ्र हल करवाने की मांग की है।

# 30 जनवरी को होगा 'स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान' का आगाज

## अभियान के तहत विभिन्न जागरुकता गतिविधियों का किया जाएगा आयोजन

### जिला कलक्टर ने किया अभियान के पोस्टर का विमोचन

### 30 जनवरी से 13 फरवरी तक होगा अभियान का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** कुष्ठ रोग के इलाज एवं बचाव को लेकर आमजन में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार 30 जनवरी 2025 को 30 'स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान' का आगाज़ होगा। बुधवार को जिला कलक्टर श्रीमान डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने 'स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान' के पोस्टर का विमोचन किया। जिले में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक 'स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान' का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 'आइए सब मिलकर जागरूकता बढ़ाएं, भ्रांतियां दूर करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कुष्ठ रोग से प्रभावित कोई भी व्यक्ति छूट न जाए' थीम आधारित अभियान में 30 जनवरी को कुष्ठ दिवस पर श्रीमान जिला कलेक्टर द्वारा जनता के नाम कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता हेतु संदेश, ग्राम सभा प्रमुख (सरपंच) द्वारा ग्राम सभा के सदस्यों से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से भेदभाव दूर करने की अपील के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

साथ ही जिला व ब्लॉक स्तर पर माईकिंग के द्वारा आमजन को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 13 फरवरी तक जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर निरंतर प्रचार-प्रसार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा एवं नुक्कड़ नाटकों सहित विभिन्न माध्यमों द्वारा लोगों को इस रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी। अभियान के अंतर्गत स्लोगन लेखन, माइकिंग, पम्फलेट्स वितरण, प्रचार वाहन, फ्लैक्स बैनर प्रदर्शन आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया सहित जिले के सोशल मीडिया हैंडल्स पर अनवरत रूप से अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के अधिकारीगण द्वारा कुष्ठ आश्रमों में जाकर कुष्ठ सहायता सामग्री व औषधियों का वितरण किया जाएगा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विमोचन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण श्री आनंद शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक श्री बी.पी. चंदेल, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य



अधिकारी (स्वास्थ्य), जयपुर द्वितीय डॉ. सुरेंद्र कुमार गोयल, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण), जयपुर प्रथम डॉ. मनीष मित्तल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बगैर लाइसेंस के संचालित न हो नशामुक्ति केन्द्र : कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर,( का.स. )।** नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन न सिर्फ सेवनकर्ता को तबाह करता है बल्कि उसके सम्पूर्ण परिवार की बर्बादी का कारण भी बनता है। उन्होंने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये है ताकि युवाओं को नशे की प्रवृति से दूर रखा जा सके। उन्होंने अवैध रूप से जयपुर जिले में संचालित हो रहे नशामुक्ति केन्द्रों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक वी.पी. चन्देल को दिये है वही उन्होंने शिक्षा विभाग व चिकित्सा विभाग को विद्यालयों से 100 गज की परिधि के अन्दर बिक रहे, गुटका, बीड़ी, सिगरेट जैसे नशीले पदार्थों पर कोटपा एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। जिला कलक्टर ने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के पास संचालित मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री सहित समस्त प्रकार की अनियमितताओं पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश भी चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिये है। जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आनन्द शर्मा ने बताया कि कोटपा अधिनियम, 2003, सिगरेट और तंबाकू से जुड़े उत्पादों पर नियंत्रण रखने के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत, सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करना, तंबाकू बेचना, और तंबाकू से जुड़े विज्ञापन करना मना है कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना और जेल हो सकती है। उन्होंने बताया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू व इस से बने नसीले पदार्थ बेचना निषेध है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नशे के प्रवृति से दूर रखने के लिए विशेष जागरूकता अभियान ऑपरेशन नोक आउट भी चलाया जा रहा है। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में युवाओं से सहयोग की अपील की है। बैठक में पुलिस, चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट सेवा के लिए नर्सिंग अधिकारी भवानी प्रसाद सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** स्थानीय स्कूल खेल मैदान पर नगर पालिका द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में उपजिला अस्पताल के नर्सिंग अधिकारी भवानी प्रसाद को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक विद्याधर सिंह चौधरी,पालिकाध्यक्ष संगीता अग्रवाल,पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी सहित अन्य अतिथियों ने नर्सिंग अधिकारी भवानी प्रसाद को मोमेंटम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौकेजर्ा पर नर्सिंग अधिकारी भवानी प्रसाद को संजीव गुप्ता,मुकेश गगरानी,दीपक आहूजा,नेमीचंद गुर्जर,पूर्व पार्षद अनिल शर्मा,भगवती प्रसाद ढिक्या सहित अन्य लोगों ने बधाई दी हैं।

# 'जेडीए का नवाचार : जीआइएस आधारित मास्टर प्लान - 2025 जेडीए वेबसाइट पर आमजन के लिए उपलब्ध

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने बेहतर शहरी प्रशासन और नागरिक सेवाओं में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जेडीए ने त्दङ्घस् आधारित मास्टर प्लान -2025 को अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया है, जिससे आमजन को मास्टर प्लान से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी घर बैठे प्राप्त होगी। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने इस नई सुविधा की जानकारी देते हुए बताया कि अब आमजन को किसी भी स्थान या क्षेत्र के भू उपयोग संबंधी जानकारी लेने के लिए जेडीए कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। नागरिक अपने घर से ही जेडीए क्षेत्र में किसी भी स्थान का भू उपयोग जैसे आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, मिश्रित, इकोलॉजिकल आदि की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। आने वाले समय में, जेडीए अन्य भू-संबंधित परिसीमाएं जैसे 90, लैंड बैंक, कॉलोनी मैप्स आदि को भी त्दङ्घस् के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। यह पहल आमजन के लिए और अधिक सुविधाजनक होगी और शहरी प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाएगी।

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे इस नवाचार का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना और उन्हें शहरी विकास की प्रक्रिया में शामिल करना है। हम सभी नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि वे इस नई सुविधा का लाभ उठाएं और अपने अनुभव साझा करें।

# वार्षिकोत्सव समारोह में छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे की जोबनेर रोड़ स्थित सेठ सूरजमल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इंग्लिश मीडियम में बुधवार को प्रातः 11.15 बजे उपप्रधानाचार्य मयंक शर्मा की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.एस.के.मोंगिया एवं विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्या नविता वर्मा,पूनम कुमावत,सुरेखा मोंगिया,शिक्षाविद शाक्त सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य लालचन्द प्रजापत,सुरेश वर्मा, शिक्षा विद के.जी गौड़,भंवरलाल कुमावत, दुर्गा सिंह नरूका थे। समारोह के प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया।

इसके बाद विद्यालय स्टाफ के द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान वार्षिकोत्सव में स्कूली



बच्चों ने भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं। मौके पर उपप्रधानाचार्य मयंक शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां करवाने वाली शिक्षिका वर्षा कन्नौजिया का भी विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. एस.के मोंगिया ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवार के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। इस मौके पर गणेश बिजारणियां सहित अन्य लोगों मौजूद थे।

# दौड़ते कदमों का उत्सव : एयू जयपुर मैराथन 2 फरवरी को

## बिब एक्सपो में प्राप्त कर सकेंगे बिब व रनिंग किट, दुपट्टा पहनकर बनाएंगे विश्व रिकॉर्ड

### सुबह तीन बजे से शुरू होगी एयू जयपुर मैराथन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** दौड़ते कदमों का उत्सव 16वीं एयू जयपुर मैराथन का आयोजन 2 फरवरी को होने जा रहा है। इस वर्ष की एयू जयपुर मैराथन कई नए आकर्षणों और रोमांचक आयोजनों के साथ यादगार बनने जा रही है। फुल मैराथन की शुरूआत दो फरवरी की तड़के 3 बजे से होगी। इसके बाद हाफ मैराथन,10 किमी, 5 किमी और फन रन के लिए रनर्स दौड़ लगाएंगे। इससे पहले 31 जनवरी और एक फरवरी को बिब एक्सपो में एयू जयपुर मैराथन सेलिब्रेशन परेड,तिजारिया जयपुर रनर्स एवं पेसर्स अवॉर्ड और एम्बेसडरस मीट के आयोजन होंगे। 31 जनवरी और एक फरवरी को मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके धावक अपने बिब एवं किट प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि यह मैराथन न केवल खेल भावना को प्रोत्साहित करती है, बल्कि जयपुर को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान भी दिलाती है। उन्होंने जयपुर वासियों से इस महोत्सव का हिस्सा बनकर इसे ऐतिहासिक बनाने में योगदान देने की अपील की। वहीं वर्ल्ड ट्रेड पार्क के चेयरमैन अनूप बरतरिया ने कहा कि इस आयोजन में भाग लेना न केवल एक स्वास्थ्यवर्धक कदम है, बल्कि यह शहर की एकता और उत्साह को भी दर्शाता है।



एयू जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि आयोजित होने वाली 16वीं एयू जयपुर मैराथन में दुनियाभर के 25 देशों के धावक भाग लेने वाले हैं। एक लाख से अधिक धावकों के शामिल होने की उम्मीद की जा रही है। बॉलीवुड के कई बड़ी सेलिब्रिटी रनर्स को चीयर करते हुए नजर आएंगे। एयू इंटरनेशनल मैराथन सुबह 3 बजे से शुरू होगी। हाफ मैराथन को सुबह 5 बजे रवाना किया जाएगा। आवास ग्रीन 10 किमी रन का समय सुबह 6.45 बजे और आईएनए 5 किमी टाइम रन 7.10 बजे रखा गया है। ड्रीम रन को सुबह 7.20 हरी झंड़ी दिखाएंगे। यह मैराथन अल्बर्ट हॉल साउथ गेट से शुरू होकर - त्रिमूर्ति सर्किल - बिडला मंदिर - मालवीय नगर पुलिया से बाए मुड़कर , अपैक्स सर्किल से यू टर्न लेकर मालवीय नगर पुलिया होते हुए , वर्ल्ड ट्रेड पार्क , जवाहर सर्किल - बजाज नगर से बाए मुड़कर टोंक रोड पुलिया अंडरपास से मुड़कर वापस जवहर कला केंद्र से होते हुए अल्बर्ट हॉल पर समाप्त होगी। जिसमे 42 किमी के धावक इस रूट के दो राउंड लगायेंगे , 21 किमी के एक राउंड ,10 किमी के धावक एम् एन आई टी से वापस आयेंगे , 5 किमी के धावक गाँधी सर्किल से वापस आयेंगे, ड्रीम रन और ओम वर्ल्ड रिकॉर्ड वर्ल्ड ट्रेड पार्क समाप्त होगी।

# वृद्ध महिला को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाली नेपाली के गैंग गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** गांधी नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पूर्व ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए वृद्ध महिला को बंधक बना कर लूटपाट करने वाली नेपाली के गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित तीन लाख 29 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि गांधी नगर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने 21 जनवरी को निवासी देवी पथ सोनी अस्पताल के पास की रहने वाली वृद्ध महिला मंजू देवी कोठारी को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले नेपाली गैंग के शातिर बदमाश मदकुल दमाई और दान बहादुर को गिरफ्तार किया है और साथ ही पारेख बहादुर शाही,निरंजन शाही, प्रवीण बहादुर, महिला आरोपित सावित्री सहित अन्य आरोपी को नामजद कर उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित तीन लाख 29 हजार रुपये की नकदी भी जब्त की है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी ने बताया कि गांधी नगर थाना इलाके में स्थित सोनी अस्पताल के पास देवी नगर में रहने वाली मंजू कोठारी (75) के घर में 21 जनवरी को वारदात हुई थी।

**अधिशाषी अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड-जयपुर द्वितीय**

क्रमांक :- अधि.अभि./जयपुर-II/वि.बो./2024-25/1239-52 दिनांक :- 28/01/2025

**बिड आमंत्रण सूचना संख्या-06/2024-25**

खण्ड जयपुर द्वितीय, के अन्तर्गत एसेयिंग लेब का निर्माण कार्य अन्तर्गत कृषि उपज मंडी समिति बस्सी, जयपुर हेतु ऑनलाईन बिड ई-प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb पर भी देखा जा सकता है। (UBN No.AGM2425WSOB00559)

राज.संवाद/सी/24/10976 अधिशाषी अभियंता

## 8 पुलिस थानों के 17 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थ गांजा, डोडा चूरा, व अफीम के पोधो को जलाकर किया नष्ट

**करीब 357 किलो 542 ग्राम मादक पदार्थो को जलाकर किया नष्ट**



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी श्री राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि 8 पुलिस थानों के 17 प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थ गांजा, डोडा चुरा व अफीम के पोधो को न्यायालय से भौतिक सत्यापन के बाद जिला औषधि व्ययन समिति द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन बून्दी के परिसर में जलाकर नष्ट किया गया।

पुलिस द्वारा 357 किलो 542 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, डोडा चुरा व अफीम के पोधो को किया नष्ट। जिले के थाना कोतवाली, सदर, लाखेरी, बसोली, दबलाना, गेण्डोली, हिण्डोली तालेड़ा में दर्ज कुल 17 प्रकरणों में सें अवैध मादक पदार्थ 245 किलो 292 ग्राम गांजा, 99 किलो 450 ग्राम डोडा चुरा, तथा 12 किलो 800 ग्राम अफीम के पोधो को जिला पुलिस द्वारा कार्यवाही के दौरान तस्करों के कब्जे से जब्त किया गया था। उक्त सभी प्रकरणों में जब्तशुदा अवैध मादक पदार्थो को जिला औषधि व्ययन समिति बून्दी द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन परिसर में जलाकर नष्ट किया गया।

## 400 किलोग्राम अफिम डोडाचुरा के मामले मे दो साल से फरार वांछित आरोपी एमपी के नीमच से गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** कोतवाली निम्बाहेडा पुलिस थाना की विशेष टीम ने भदेसर थाने के 400 किलोग्राम अफीम डोडाचूरा के मामले 2 वर्ष से फरार में वांछित आरोपी सुरेश तेली को एमपी के नीमच से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजस्थान के निर्देशानुसार नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मुलन के लिये अवैध मादक पदार्थो की धरपकड एवं मादक पदार्थो के प्रकरणो मे वांछित अपराधियो, स्थाई वारण्टीयो, उदघोषित, एवं ईनामी अपराधियो की धरपकड़ हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया है।

अतः अधिक से अधिक संख्या मे मादक पदार्थो के प्रकरणो मे वांछित अपराधियो, स्थाई वारण्टीयो, उदघोषित, एवं ईनामी अपराधियो की धरपकड हेतु सरीता सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चित्तौडगढ व बद्री लाल राव पुलिस उप अधीक्षक वृत निम्बाहेडा के नेतृत्व में रामसुमेर पु.नि. थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा द्वारा टीम गठित की गई। दिनांक 29 जनवरी 2025 को एएसआई सूरज कुमार को जरिये मुखबीर से सूचना मिली की भदेसर थाने के 400 किलोग्राम अफीम डोडाचूरा में दो वर्ष से फरार वांछित आरोपी सुरेश तेली पिता रूपलाल तेली निवासी अठाणा थाना जावद जिला नीमच मध्यप्रदेश अपने घर पर आया हुआ है। मुखबिर सूचना विश्वनीय होने के कारण एएसआई सूरज कुमार मय जाप्ता रवाना हो अभियूक्त के गांव अठाणा से डिटेन किया गया । आरोपी से अग्रीम अनुसंधान जारी है।

## नगरीय विकास कर की वसूली को लेकर नगर परिषद ने बरती सख्ती, करदाताओं से वसूले पौने सात लाख रुपए

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी में लम्बे समय से बकाया चल रहे नगरीय विकास कर की वसूली को लेकर नगर परिषद प्रशासन सख्त हो गया है। परिषद द्वारा अभियान चलाकर वसूली की कार्यवाही शुरू की गई है। इसके तहत अभी तक पौने सात लाख रुपयों का बकाया नगरीय विकास कर वसूल किया गया है। स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशानुसार नगर परिषद केकड़ी ने बकाया नगरीय विकास की वसूली के तहत 6 लाख 73 हजार 960 रुपए की राशि वसूल की है। यह वसूली परिषद के कार्मिकों की एक टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर की जा रही है। परिषद के आयुक्त मनोज कुमार मीणा ने बताया कि जिन करदाताओं द्वारा पूर्व में नोटिस जारी करने पर भी नगरीय विकास कर जमा नहीं कराया गया, उनको अंतिम मांग पत्र जारी किया जाकर 72 घंटे में समस्त बकाया राशि जमा कराने का समय दिया गया है तथा नियत समय पर राशि जमा नहीं कराए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सम्पत्ति सीज करने की कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गई।

परिषद की इस चेतावनी से बेपरवाह बकाया करदाता राशि जमा कराने लगे हैं। आयुक्त मनोज कुमार मीणा ने बताया कि स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर की अधिसूचना के अनुसार दिनांक 31 मार्च 2025 तक बकाया नगरीय विकास कर जमा कराने पर ब्याज एवं शास्ति में शत प्रतिशत छूट दी जा रही है एवं वित्तीय वर्ष 2011-12 से पूर्व के बकाया नगरीय विकास कर पर भी 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उन्होनें कहा कि ऐसी स्थिति में करदाता समय पर अपना बकाया नगरीय विकास कर जमा करावें अन्यथा नगर परिषद द्वारा बकाया करदाताओं के विरूद्ध सम्पत्ति सीज की कार्यवाही की जाएगी जिसके लिए करदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। वसूली के दौरान आयुक्त मनोज कुमार मीणा, सहायक लेखाधिकारी भागचन्द बैरवा, वरिष्ठ प्रारूपकार संजय शर्मा, कनिष्ठ अभियंता घासी लाल गुर्जर, वरिष्ठ सहायक शशिकांत दाधीच, स्वास्थ्य शाखा प्रभारी आशीष खेराल सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## विद्यार्थियो को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** समीपवर्ती जिला मुख्यालय स्थित सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजसमंद के सभागार में करियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य फादर जॉनी मैथ्यू ने बताया कि उक्त सेमिनार कक्षा 10 के विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु किया गया।

विद्यार्थी 10वीं बोर्ड परीक्षा देने बाद कक्षा 11 में प्रवेश हेतु तैयारी कर रहे हैं।भविष्य के पाठ्यक्रम व करियर संबंधी स्पष्ट विचार होना बहुत महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में करियर गाइडेंस सेमिनार की बहुचर्चित रिसोर्स परसन ज्योति काट्जू द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुवे कक्षाओं में उपयुक्त विषय चयन हेतु प्रेरित किया गया।साथ ही विद्यार्थियों को समय के साथ विभिन्न संकायों में मिलने वाले नवीन अवसरों संबंधी जानकारी के साथ स्वयं की क्षमताओं की पहचानकर आगे बढ़ने की सलाह दी गयी। इधर विद्यालय व्यवस्थापक फादर बेसिल वसुनिया ने बताया कि वर्तमान में नवांकुरों को सही मार्गदर्शन मिलना अतिआवश्यक है। उक्त सेमिनार में 100 से अधिक विद्यार्थी एवं इनके अभिभावक सम्मिलित व लाभान्वित हुवे।

# रिश्वत के पैसे पूरे नहीं मिले तो कांस्टेबल ने गिरवी रखवा ली सोने की अंगूठी, एसीबी ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**सहयोगी ई-मित्र संचालक को भी पकड़ा**

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** अजमेर एसीबी की टीम ने बुधवार को दो हजार की रिश्वत लेते केकड़ी क्षेत्र में भिनाय थाने के कांस्टेबल और उसके सहयोगी एक ई-मित्र संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी कांस्टेबल द्वारा शिकायतकर्ता को उसके विरुद्ध दर्ज परिवाद को बंद करने की एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा था। एसीबी के एडिशनल एसपी भागचंद ने बताया कि शिकायतकर्ता की ओर से एसीबी चौकी में शिकायत दी गई। पीड़ित ने शिकायत देकर बताया कि उसके विरुद्ध भिनाय थाने में एक परिवार दर्ज था। जिसकी जांच कांस्टेबल अर्जुन लाल के द्वारा की जा रही थी। जिसमें राजीनामा हो जाने पर परिवाद को बंद करने की एवज में कांस्टेबल द्वारा 10 हजार की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा था। एडिशनल एसपी ने बताया कि 15 दिसंबर 2024 को 7 हजार की रिश्वत राशि लेना तय कर उसी दिन 3 हजार रिश्वत राशि लेना और शेष रिश्वत राशि 4 हजार के पेटे परिवादी की सोने की अंगूठी आरोपी ई-मित्र संचालक विक्रम शर्मा के पास रखवाई गई। पीड़ित द्वारा 18 दिसंबर 2024 को ब्यूरो में शिकायत की गई, जिसका 19 दिसंबर को सत्यापन किया गया। इसमें 4000 की रिश्वत राशि मांग कर 2000 आरोपी ई-मित्र संचालक को दिलवाना पाया गया। एसीबी ने शिकायतकर्ता को रिश्वत की राशि लेकर भेजा। इसके बाद कांस्टेबल अर्जुन लाल व ई-मित्र संचालक विक्रम शर्मा को 2 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी अजमेर रेंज के उप महानिरीक्षक कालूराम रावत की निगरानी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद के नेतृत्व में इंस्पेक्टर दीनदयाल एवं अन्य अधिकारियों की टीम ने ट्रैप की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल अर्जुन लाल और ई-मित्र संचालक विक्रम शर्मा को रिश्वत की शेष 2000 रुपये की रकम लेते रंगे हाथ पकड़ लिया गया। जांच के दौरान रिश्वत की रकम ई-मित्र संचालक विक्रम शर्मा की जैकेट से बरामद की गई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ और आगे की जांच जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की इस त्वरित कार्रवाई से पुलिस विभाग और प्रशासन में हड़कंप मच गया है। ब्यूरो ने साफ कर दिया है कि भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

**सम्मान से रिश्वत तक, तीन दिन का सफर :** 26 जनवरी को उपखंड स्तर पर सम्मानित होने वाला कांस्टेबल 29 जनवरी को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया गया। गणतंत्र दिवस पर 26



जनवरी को उपखंड स्तर पर सम्मानित होने वालों में भिनाय पुलिस थाने के कांस्टेबल अर्जुन लाल का भी नाम शामिल था और 29 जनवरी को यही कांस्टेबल एसीबी द्वारा रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया।

## पारा स्कूल की शिक्षिका मंजू विजय ने की मरणोपरांत देह दान की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम पारा में कार्यरत शिक्षिका मंजू विजय ने स्वैच्छिक व परिवार की सहमति से मरणोपरांत अपनी पार्थिव देह को दान करने की घोषणा की। इस पर भारत विकास परिषद शाखा केकड़ी के प्रतिनिधिमंडल ने सामाजिक जागरूकता के तहत पारा विद्यालय में शिक्षिका मंजू विजय का प्रशस्ति पत्र ओर ओपर्णा ओढ़ा कर बहुमान किया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका गंगा मीणा, अर्चना लखोटिया व व्याख्याता राजेंद्र कुमार मेघवंशी का भी रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने पर सम्मान किया गया। प्रारम्भ में विद्यालय के प्रधानाचार्य पारस मल जैन व स्कूल के शिक्षकों ने परिषद के सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद केकड़ी के विकास मित्र गोपाल लाल वर्मा ने देहदान, अंगदान, नेत्रदान व रक्तदान को असाधारण व सबसे बड़ा दान बताया है।

उन्होनें कहा कि लोगों को जनकल्याण से जुड़ी सामाजिक सेवाओं में अपनी भूमिका निभानी चाहिए, यही सच्चा धर्म है। प्रधानाचार्य पारस मल जैन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच मोडूलाल खटीक भी अतिथि के रूप में मौजूद थे। स्कूल के शारीरिक शिक्षक हीरालाल सामरिया ने

**भारत विकास परिषद ने किया बहुमान**



सामाजिक जागरूकता से जुड़ी विद्यालय की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के शाखा अध्यक्ष महेश मंत्री, सचिव दिनेश वैष्णव, वित्त सचिव भगवान माहेश्वरी, प्रकल्प प्रभारी महावीर पारीक एवं विद्यालय के समस्त अध्यापक व अध्यापिकाएं शामिल थे।

## पीएम श्री विद्यालय बूंदी में हुआ स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ओल्ड हाडेंद्रा कॉलेज बूंदी में बुधवार को स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जाँच हुई। चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत किया गया। विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के संबंध में तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र के नैतिक नियमों की जानकारी दी गई। कैंप में चिकित्सकों, फार्मासिस्ट, नर्स तथा स्वास्थ्य संबंधित मनोवैज्ञानिक एवं विशेषज्ञों की सेवाएं ली गई। प्रधानाचार्य श्रीमती शबाना गौरी ने समस्त स्वास्थ्य दल का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पीएम श्री विद्यालय बूंदी के कैम्प प्रभारी भँवर महिप सिंह हाड़ा, व्याख्याता रामसिंह मीणा, रमेश गुर्जर, सत्यनारायण चौधरी, कमलेश जैन, प्रभा छापरवाल, रज़िया खातून, सुशीला मीणा, कौशल शर्मा, शकुन्तला ठग व रवि गुप्ता मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस पर स्वतंत्रता सेनानी स्व. नंदवाना के समाधि स्थल पर साफ-सफाई का अभाव



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** राष्ट्रीय पर्व 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका कपासन क्षैत्र के वार्ड नं. 6 में स्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल पर साफ- सफाई का अभाव रहने से यहां के बदहालात निरंतर जारी है।उक्त हालात 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर भी बने रहे। समाधि स्थल पर झाड़ू भी नहीं निकाला जा सका।जिससे क्षेत्रीय आमजन में रोष व्याप्त है।

जिम्मेदारो द्वारा समयानुसार इतिश्री कर पल्ला झाड़ लिया जाता रहा है।पिछले दिनों आमजन, कांग्रेस कार्यकर्ताओ एवं दैनिक बढ़ता राजस्थान समाचार पत्र के प्रयासों से स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व राज्य मंत्री स्व. भवानीशंकर नंदवाना के समाधि स्थल पर बड़ी मुश्किल से रंगरोगन बाद नाम इंगित किया गया था।

## तस्करों से जब्त वाहनों का नीलामी द्वारा किया निस्तारण

बढ़ता राजस्थान

**41 वाहनों का खुली बोली द्वारा किया विक्रय**

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन व पुलिस मुख्यालय के निर्देशों की पालना में जिले के विभिन्न पुलिस थानों में मादक पदार्थो की तस्करी में जब्त किए गए वाहनों का गुरुवार को सदर निम्बाहेड़ा थाने में जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति द्वारा नीलामी कर निस्तारण किया गया। मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तस्करों से जब्त किए गए 41 वाहनों को पुलिस द्वारा खुली बोली लगा नीलाम किया गया। 09 दोपहिया, 28 चौपहिया व 4 भारी वाहन की नीलामी हुई, इस नीलामी प्रक्रिया में सरकार को करीब 62 लाख रुपये का राजस्व हुआ। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिला अफीम का बृहद उत्पादन क्षेत्र होने व राज्य की सीमा से लगा होने के कारण मादक पदार्थों की तस्करी इसी रूट से होकर निकलने की वजह से जिले के कई थानों में मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल वाहनों को माल के साथ जब्त किया गया है। उक्त जब्त वाहनों से जिले के थाने के माल खाना भरे पड़े हुए हैं, थानों में अन्य वाहनों के रखने की व्यवस्था नहीं होने की वजह से उन्हें नियमानुसार निस्तारण किया जाना हैं। भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन की अनुपालना व पुलिस मुख्यालय राजस्थान के निर्देशों पर जिला चित्तौड़गढ़ में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में जब्त ऐसे वाहन जिनका न्यायालय द्वारा निर्णय हो चुका हो अथवा भौतिक सत्यापन किया गया हो, ऐसे वाहनों के प्रस्ताव पुलिस थानों से मंगवा कर कार्यालय की एमओबी शाखा के प्रभारी गोविंद कुमार, एएसआई मनोज कुमार व स्टाफ एवं लेखा शाखा के सहायक लेखाधिकारी सागर गिरी गोस्वामी व कर्मचारियों द्वारा वाहनों को खुली बोली लगाकर नीलाम किया गया। वाहनों की नीलामी के लिए पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की अध्यक्षता में पाँच सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई, जिसमें एएसपी सरिता सिंह, अपराध सहायक जोधाराम गुर्जर, सहायक लेखा अधिकारी कैलाश भराडिया व परिवहन निरीक्षक विक्रम सालवी आदि उपस्थित थे। जिन्होंने खुली बोली लगवा कर वाहनों की नीलामी



करवाई। उक्त नीलामी में जिला चित्तौड़गढ़ के अलावा जिला उदयपुर, भीलवाड़ा, जोधपुर, केकड़ी व मध्यप्रदेश तक के बोलीदाता शामिल हुए। एनडीपीएस एक्ट में जब्त 41 वाहनों को बुधवार को सदर निम्बाहेड़ा थाने पर खुली बोली द्वारा नीलामी की गई। जिनमे सभी 41 वाहनों को उच्चतम बोली द्वारा स्वीकार किया जाकर बोली दाता को अग्रिम कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

04 वाहनों की बोली नहीं लग पाने की वजह से उन्हें लंबित रखा गया। बुधवार को 09 दोपहिया, 28 चौपहिया व 4 भारी वाहन की हुई इस नीलामी प्रक्रिया में सरकार को करीब 62 लाख रुपये का राजस्व हुआ।

## मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री शनिमहाराज आली धाम के श्रद्धा पात्रों से 19 लाख 21 हजार 986 रु. की भेंट राशि निकली

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली के श्रद्धा पात्रों से 19 लाख 21 हजार 986 रूपये की भेंट राशि प्राप्त हुई तथा सिक्कों की गिनती शेष है।यहां प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली मंदिर पर अमावस्या से पूर्व चतुर्दशी पर भंडार खोलें जातें हैं। श्री शनिमहाराज आली मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के सचिव कालू सिंह चौहान ने बताया की श्री शनिदेव की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना बाद मंदिर के श्रद्धा पात्र खोलें गये।जिसमें मंगलवार सुबह कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह, उपाध्यक्ष माधुलाल जाट,मंत्री छगनलाल गुर्जर, संरक्षक पवन कुमार सांखला,कोषाध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा आदि की उपस्थिति में मुख्य मंदिर,नवग्रह मंदिर,तेल कुंड के श्रद्धा पात्रों को खोलकर भेंट राशि निकाली गयी। इस अवसर पर



कमेटी सदस्य रामेश्वरलाल सुथार, गोपाल सुथार,रतन सुथार,रतनलाल गाडरी, टोलुराम वैष्णव,रुपलाल गाडरी,देवी सिंह चारण, कालूराम कीर,शैलेंद्र शर्मा, भैरूलाल लोंदा, सत्यनारायण जाट, गोवर्धन सिंह,कालूराम कुम्हार,रामचंद्र किर, भैरूलाल जाट,कमेटी कार्मिक गणपत सिंह, नारायण सिंह,विक्रम सिंह,अर्जुन सिंह,नरेंद्र विजयवर्गीय, मानसिंह,रतन सिंह,किशन सिंह, भागीरथ लोंदा,प्रकाश लोंदा,गणेश जाट सहित भक्त एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रैन बसेरों का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं महेन्द्र सिंह सिसोदिया अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के निर्देशानुसार सुनील कुमार गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) द्वारा जिला मुख्यालय स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण किया गया। सचिव गोयल ने श्री सांवलिया जी सामान्य चिकित्सालय स्थित स्थाई रैन बसेरा, रेलवे स्टेशन स्थित रैन बसेरे एवं रोडवेज बस स्टैण्ड स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्व में पाई गई खमियों में सुधार पाया गया। रैन बसेरों में महिला एवं पुरूषों के ठहरने के स्थान पर बैनर लगे हुए थे तथा पेयजल व्यवस्था भी उचित पाई गई जिस पर संतोष व्यक्त किया गया।

# श्री पशुपतिनाथ महादेव नवनिर्मित मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 10 को

- उपराष्ट्रपति, मुख्यमंत्री सहित कई राजनैतिक हस्तियां करेगी शिरकत
- धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम में संतों का होगा समागम

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट समाज महासभा संस्थान की ओर से नवनिर्मित श्री पशुपतिनाथ महादेव की प्राण प्रतिष्ठा 10 फरवरी को मातृकुण्डिया में होगी। इससे पहले मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोचार के साथ शिव परिवार की स्थापना होगी। उसके बाद शिखर पर ध्वज दण्ड एवं कलश चढ़ाया जाएगा। इस दौरान आसामन से पुष्पवर्षा की जाएगी। महासभा अध्यक्ष माधवलाल जाट ने बताया कि एक फरवरी से शुरू होने वाले दस दिवसीय महोत्सव में 9 फरवरी को देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़, 10 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, एक फरवरी को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा कार्यक्रम में पहुंचने वाले है। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सहित केन्द्रीय व केबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक सहित कई राजनैतिक व समाजक हस्तियां शिरकत करेगी। अलख वेद गुरूकुल पुठवाडिया के स्वामी जी आचार्य गौ हितेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज सुरजकुण्ड, महामण्डलेश्वर चेतनदास महाराज मुंगाणा, सीताराम दास महाराज झड़ोल सहित प्रमुख साधु संतों का समागम रहेगा। इसके अलावा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 3 फरवरी से 9 फरवरी तक कार्यक्रम स्थल पर श्री धाम वृंदावन के धनवन्तरी दास महाराज के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा का वाचन होगा। वहीं प्रतिदिन सुबह 9 बजे से अपरान्ह चार बजे तक 51 कुण्डिय महा रूद्र यज्ञ होगा जिसमें 125 विद्वान वैदि पण्डितों के सानिध्य में समाज के वरिष्ठजन आहुतियां देंगे। महासभा अध्यक्ष माधवलाल जाट ने बताया कि 25 साल पहले शुरू हुए मंदिर का निर्माण कार्य अब पुरा हुआ है। जिसमें भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव की शुभ मुहूर्त में प्रतिष्ठा होगी। एक फरवरी को विशाल कलश यात्रा के साथ महोत्सव का आगाज होगा। इसमें एक ही परिधान में सजी 11 हजार महिलाएं अपने सीर पर कलश लिए शामिल होगी।

**बनाया जा रहा है पाण्डाल एवं यज्ञ शाला :** कार्यक्रम को लेकर करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बड़ा पाण्डाल बनाया जा रहा है। वहीं 51 कुण्डिय महारूद्र यज्ञ के लिए यज्ञ शाला व महाप्रसादी के लिए भोजन शाला बनाई जा रहीं है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति की ओर से विभिन्न कमेटियों का गठन कर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। वहीं नव निर्मित मंदिर, कार्यक्रम स्थल, यज्ञ शाला को रंगीन दुधियां विद्युत रोशनी व आकर्षक फूलों से सजावट की जा रहीं है। इधर, प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों को लेकर महासभा अध्यक्ष माधवलाल जाट, जिलाध्यक्ष ओंकार वालिया, शंकरलाल जाट, मिठ्ठलाल जाट, रामेश्वर लाल जाट, संरक्षक जगदीश चौधरी माण्डल, भैरूलाल जाट आमेट, बोथमल जाट रेलमगरा, देवीलाल जाट भोपाल सागर, बालूराम जाट राश्मी, रतनलाल जाट सहाड़ा, देवीलाल जाट रायपुर, रामलाल जाट मावली, कपासन प्रधान भेरूलाल जाट, बद्रीलाल जाट, सुरेश चौधरी सहित अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट समाज महासभा संस्थान के पदाधिकारी व समाज के वरिष्ठजन लगे हुए है।

# आज से शुरू होगा स्पर्श कुष्ठ जागरुकता पखवाड़ा

### 13 फरवरी तक चलेगा पखवाडा, आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले भर में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। कुष्ठ दिवस 30 जनवरी से शुभारम्भ कर इस अभियान में जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक कुष्ठ रोग निवारण के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

**कुष्ठ रोग पर जिला कलक्टर का आम नागरिक के नाम संदेश :** स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान के तहत जिला कलक्टर ने आम नागरिकों के नाम संदेश जारी किया है। इस संदेश में लिखा है कि जिले के समस्त नागरिकगण एवं अधिकारी व कर्मचारीगण विकसित भारत अभियान के अवसर पर मिलकर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोडेंगे। कुष्ठ रोग का निदान करना आसान है और इसका इलाज संभव है। जिले में कुष्ठ रोग के सभी मामलों को यथाशीघ्र खोजने का प्रयास करेंगे और जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का पूर्ण उपयोग कर कुष्ठ रोग मुक्त लक्ष्य प्राप्त करने की हर संभव कोशिश करेंगे। साथ ही कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्ति एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करेंगे और न ही किसी ओर को करने देंगे। व्यक्तिगत तथा सामूहिक रूप से भी समाज में कुष्ठ रोग के प्रति कलंक, फैली भ्रान्तियों एवं भेदभाव को मिटाने के लिए काम करेंगे एवं कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास करेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया की स्पर्श कुष्ठ जागरुकता पखवाड़े के दौरान कुष्ठ दिवस पर ग्राम सभाओं में सरपंच द्वारा ग्राम सभा के सदस्यों से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव दूर करने के लिए सार्थक प्रयास करने की अपील की जाएगी। ग्राम सभा में कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्तियों का ग्राम सभा प्रमुख द्वारा अभिनंदन भी किया जाएगा। इस अवसर पर कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता को लेकर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' की थीम आइए सब मिलकर जागरूकता बढ़ाएं, भ्रांतियां दूर करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कुष्ठ रोग से प्रभावित कोई भी व्यक्ति छूट न जाए को सार्थक बनाने के लिए सभी स्तरों पर आवश्यक प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे।

नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमएचओ डॉ. चेतराम मीणा ने बताया की पखवाड़े के दौरान विभाग द्वारा घर-घर जाकर आशा सहयोगिनी एवं एएनएम के माध्यम से कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी एवं कुष्ठ रोग के प्रति आमजन को जागरूक भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सभी चिकित्सा संस्थानों पर कुष्ठ रोग उपचार के लिए दवा भी निशुल्क उपलब्ध है। यदि किसी के शरीर पर बदरंग व सुन्न चकत्ते हों, तो स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक को अवश्य दिखाएं, यह कुष्ठ रोग के लक्षण हो सकते हैं। चिकित्सक से सम्पर्क कर नियमित दवा का सेवन करना चाहिए।

# माघ महीने के गुप्त नवरात्रि में मां राजराजेश्वरी के मंदिर पर विशेष आयोजन

### शहर में निकली कलश एवं शोभायात्रा के साथ माता की झांकी, विनायक सेवा समिति कर रही विशेष आयोजन, शतचंडी पाठ के साथ फूल बंगला झांकी,

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में आस्था के केंद्र मां राज्यराजेश्वरी के मंदिर पर माघ महीने में विशेष आयोजन होने जा रहा है। जिसको लेकर बुधवार को शहर में विनायक सेवा समिति द्वारा मातारानी की झांकी के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया। शोभायात्रा में 500 कलशों के साथ जब पीतांबर वस्त्र पहने महिलाएं और श्रद्धालु एक साथ निकले तो जगह-जगह शहरवासियों ने स्वागत किया। शोभायात्रा का समापन मां राजेश्वरी के मंदिर पर हुआ। जहां माता रानी की पूजा अर्चना और आरती के बाद प्रसादी का वितरण हुआ। विनायक सेवा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र मंगल उर्फ खन्ना ने बताया कि समिति द्वारा नगर वासियों के सहयोग से मां राजराजेश्वरी के मंदिर पर माघ महीने की गुप्त नवरात्र में विशेष आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बुधवार मोनी अमावस्या पर कलश एवं शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। 30 जनवरी गुरुवार को सुबह 7 बजे माता रानी की विशेष पोशाक चढ़ाई जाएगी। इस दौरान विद्वान पंडितो द्वारा शतचंडी पाठ का शुभारंभ होगा। जो पूरे नवरात्र में चलेगा। 4 फरवरी मंगलवार को रात 08 बजे से मातारानी के मंदिर पर फूल बंगला एवं देवी जागरण का आयोजन किया जाएगा। 5 फरवरी बुधवार को शाम 7 बजे पूर्णाहुति हवन यज्ञ होगा और 6 फरवरी गुरुवार को नवरात्रि के संपन्न होने पर भंडारे एवं प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में विनायक सेवा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र मंगल उर्फ खन्ना, महामंत्री रामकुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष पवन गोयल, संजय बंसल सहित अग्रवाल समाज के जिला अध्यक्ष गिरीश मित्तल, बाड़ी अग्रवाल समाज अध्यक्ष राधे श्याम गर्ग, शिक्षाअधिकारी समिति के हरिशंकर मंगल, हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश मामा, आरती शिवहरे, समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अध्यक्ष सतीश चंद द्वारा बुधवार को जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, सफाई, स्वास्थ्य, स्वच्छता, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरुद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा कारागृह में स्थित अस्पताल में पहुंचकर दवाइयों के स्टॉक का भी अवलोकन किया। उन्होंने बंदीगण को उनके अधिवक्ता व परिजन से वार्ता की सुविधा बाबत आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने बंदियों को बताया कि यदि किसी विचाराधीन बंदी का उसके प्रकरण में पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नहीं है तो ऐसे बंदी जेल अधीक्षक के माध्यम से अथवा संबंधित न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने पर न्यायालय के माध्यम से नियमानुसार अधिवक्ता नियुक्ति हेतु विधिक सहायता का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर को भिजवा सकते हैं, जिससे ऐसे बंदीगण की ओर से पैरवी हेतु प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जा सके।

इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता बंदी जिन्होंने सजा के खिलाफ अपील नहीं की है और वह अपील करना चाहता है तो ऐसे बंदी को विधि अनुसार अपील करने का पूर्ण अधिकार है और ऐसे बंदी को भी अपील हेतु विधिक सहायता के माध्यम से नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाया जावेगा।

इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव, सहित अन्य कर्मचारी एवं बंदीजन मौजूद रहे।

# नव नियुक्त भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित नन्दवाना व धनराज चौरसिया का स्वागत का सिलसिला जारी



बढ़ता राजस्थान

**अन्ता, (शफीक मंसूरी)।** अंता पंचायत समिति के ग्राम पंचायत ठीकरिया सरपंच राजसिंह चौधरी ने अपने ग्रामवासियो के साथ एनएच 27 ठीकरिया पेट्रोल पंप स्थित निजी रेस्टोरेंट पर भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया। चौधरी ने बताया कि भाजपा के जिला अध्यक्ष नन्दलाल सुमन सहित नवनियुक्त अंता मंडल अध्यक्ष रोहित नंदवाना, देहात मंडल प्रतिनिधि बजरंग लाल धाकड़ व पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खण्डेलवाल और भाजपा नेताओं का साफाबंधी, माल्यार्पण कर मुंह मीठा करा स्वागत सम्मान किया। चौधरी ने कहा की नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रोहित नंदवाना, प्रतिनिधि धनराज चौरसिया और देहात मंडल अध्यक्ष राहुल नागर युवा चेहरा हैं, जिनसे युवा वर्ग का काफी साथ मिलेगा। आगामी समय में पार्टी को फायदा होगा क्योंकि इनको जिम्मेदारियां मिलने से युवा वर्ग जुड़ेगा और पार्टी को फायदा होगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन, अंता नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल, पार्षद राधेश्याम सिंगोदिया, पार्षद धनराज चौरसिया, मंडल अध्यक्ष बजरंग लाल मालव, महेश शर्मा, राजकुमार नंदवाना, प्रवीण गालव, ओम चौरसिया, महावीर वैष्णव, चेतन नागर, पार्षद हरि गुर्जर,गिरिराज शंकर, परमान्द नागर, बलराम सुमन, हरीश सुमन, गजेंद्र सिंह चौधरी, रामलाल सुमन, पुरुष राम नागर, गिरिराज पंकज, मण्डल अध्यक्ष बजरंग लाल धाकड़, हरीश शर्मा,मनोज सिंगोदिया,निक्की बना, गिरिराज पंकज, रिंकू गूर्जर, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# छात्राएं बिना लाइसेंस के वाहन ना चलाएं राजकीय कन्या महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर सेमिनार का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(राजू शर्मा)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया। परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा ने कहा कि छात्राएं बिना लाइसेंस के वाहन न चलाएं। सेमिनार के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को उनके कर्तव्य का बोध कराया एवं महाविद्यालय की छात्राओं को यातायात नियमों को लेकर शपथ ग्रहण कराई। परिवहन विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए यातायात नियमों संबंधित पंपलेट का वितरण किया गया तथा वाहनों पर यातायात नियमों संबंधित स्टीकर भी लगाए गए। महाविद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को नए-नए कानून के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

### डिस्कॉम की टीम द्वारा बकाया को लेकर वसूली अभियान

# शहर के आधा दर्जन मोहल्लो में कार्यवाही से मचा हड़कंप, ढाई लाख की राशि वसूली

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ,( राजू शर्मा )।** शहर में बुधवार को डिस्कॉम की टीम द्वारा कई मोहल्लों में बकाया को लेकर कार्रवाई की गई। जब टीम शहर के विभिन्न मोहल्लो और कॉलोनियों में कार्रवाई करने पहुंची तो बिजली चोरों में हड़कंप मच गया। इस दौरान टीम द्वारा फर्जी रूप से बिजली चोरी करने के लिए लगाई गई बिजली केबिलो को काटा और उन्हें जप्त कर लिया। एईएन आरडी मीणा के नेतृत्व में टीम द्वारा आधा दर्जन मोहल्लों के साथ कई कॉलोनियों में इस दौरान कार्रवाई की। जहां से ढाई लाख रुपए की राशि वसूली गई है। वहीं दो दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं को अटेंड कर बकाया राशि भरने के लिए पाबंद किया है। डिस्कॉम एईएन आरडी मीणा ने बताया उच्च अधिकारियों के निर्देश और धौलपुर एसई के सुपरविजन में यह कार्रवाई की जा रही है। आज बाड़ी शहर के मोहल्ला संगतराश पाड़ा,सेढ़ पाड़ा,हवेली पाड़ा,पुराना बाजार,किला गेट, गांधी पार्क,महाराज बाग और दमदमा मोहल्ले में कार्रवाई की है। जहां से बिजली चोरी के लिए लोगों द्वारा डाली गई बिजली केबिलो को हटाया गया है।

25 उपभोक्ता जिन पर डिस्कॉम की राशि बकाया है और उनके कनेक्शन डीसी एवं पीडीसी पड़े हुए हैं। उनको अटेंड कर राशि जमा कराने के लिए प्रेरित किया है। मौके से ढाई लाख रुपए की राशि वसूली है। जिन उपभोक्ताओं पर लंबा बिल बकाया है और वहां कोई नही मिला है। उनके घरों पर सूचना नोटिस की गई है। डिस्कॉम के एईएन आरडी मीणा ने शहर के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह विद्युत चोरी ना करें। सैफ बिजली जलाएं। मीटर लगाए जो भी उनके पास बिल बकाया है। उसे जमा कराए। जिससे उन्हें किसी प्रकार का व्यवधान या परेशानी नहीं हो।

# हनुमान मंदिर में संकीर्तन व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नाथद्वारा प्रभु श्रीनाथजी की नगरी में रिसाला चौक के निकट झाड़न वाला अखाड़ा के हनुमानजी मंदिर में श्री राम धुन संकीर्तन व सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ मंगलवार रात्रि को हुआ। संगठित हिन्दू, सशक्त भारत परिवार की ओर से प्रति मंगलवार को होने वाले सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन रिसाला चौक के निकट झाड़न अखाड़ा परिसर में स्थित प्राचीन अखाड़े में किया गया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि एक वर्ष से भी अधिक समय से नगर के अलग-अलग हनुमान मंदिरों में प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस



कड़ी में 28 जनवरी को व्यायामशाला में 92 वें सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया। संकीर्तन व हनुमान चालीसा पाठ के दौरान श्रद्धालु बारिश से भीगकर आनंद से सराबोर हुए।



# श्री छांपाला वाला भैंरूजी का 16 वाँ वार्षिकोत्सव समारोह आज

### विशाल मेला, भण्डारा व जागरण का होगा आयोजन

### 11 हजार महिलाओं ने निकाली विशाल कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** निकटवर्ती ग्राम कल्याणपुरा कुहाड़ा स्थित अरावली की पहाडियों में बने श्री छांपाला वाला भैंरूजी मंदिर का 16 वाँ वार्षिकोत्सव समारोह 30 जनवरी गुरूवार को बड़े ही धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर विशाल व भव्य मेला, भण्डारा व जागरण का आयोजन होगा। इससे पूर्व बुधवार को 11 हजार महिलाओं द्वारा विशाल व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पं. सीताराम शर्मा, सत्यदेव शर्मा व महेंद्र शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना करके कलश यात्रा को रवाना किया। कलश यात्रा में 21 डीजे साउण्ड के साथ रंग-बिरंगे परिधानों में सजी 11 हजार महिलायें अपने सिर पर कलश लेकर चोटिया मोड़ से चलकर करीब 03 किलोमीटर की यात्रा कर श्री छांपाला वाला भैंरूजी मन्दिर पहुँची। कलश यात्रा में विधायक प्रतिनिधि श्रीमती राधा देवी पटेल ने भी भाग लिया। जयराम जैलदार, यादराम, श्योराम, बबलू, लालचंद, कैलाश धाबाई समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि 551 क्विंटल चूरमा की महाप्रसादी तैयार की जा चुकी है। जिसे बनाने के लिये जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉलियां व थ्रेसर काम में लिया गया हैं। इस खास अंदाज में बनाये जाने वाले चूरमे के कारण ये विशाल भंडारा पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। मेले में आसपास के ग्रामीण अपने स्तर पर ही प्रसादी बनाने से लेकर समूची व्यवस्थायें संभालते हैं।

भैंरूजी को विशेष प्रसादी में दाल, चूरमा और दही का भोग लगाया जाता है। मंदिर के वार्षिकोत्सव पर सवाईमाधोपुर, ग्वालियर, झालावाड, कोटा, पीपलखेड़ा, मुरैना व जयपुर सहित दूरदराज से श्रद्धालु आते हैं। मंदिर परिसर में प्राचीन भैरव बाबा की मूर्ति स्थापित हैं। इनके साथ ही सवाई भोज, शेड माता, हनुमान की मूर्ति स्थापित हैं। इस पूरे आयोजन में खास बात यह है कि प्रसादी बनाने के लिए ग्रामीण हलवाई की बजाय खुद प्रसादी बनाते हैं। पंगत प्रसादी से लेकर पार्किंग व्यवस्था की कमान भी ग्रामीण ही संभालते हैं।

## रेलवे स्टेशन पर सिकंदर की शूटिंग करते नजर आए सलमान:धमकियों के बीच भारी भीड़ के सामने पहुंचे; आस-पास पुलिस की हैवी सिक्योरिटी

सलमान खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे हैवी सिक्योरिटी में शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि सलमान मुंबई के किसी रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ के बीच अपकमिंग फिल्म सिकंदर की शूटिंग करते दिखाई दे रहे हैं। आस-पास पुलिस वालों की मौजूदगी है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर किया जा रहा है। अब यह वीडियो सच में किसी रेलवे स्टेशन का है, या सेट बनाया गया है, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

धमकियों के बीच भीड़ के सामने शूटिंग करने पहुंचे सलमान खान को आए दिन जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में उनका यूं इतने लोगों के बीच शूटिंग करना अपने आप में काफी रोमांचक है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सलमान ब्लैक शर्ट और नीली जींस में शूटिंग कर रहे हैं। उन्हें देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड भी नजर आ रहे हैं। सलमान भी उनका अभिवादन करते देखे गए। पहले भी आई हैं तस्वीरें सलमान खान का पिछले दिनों सिकंदर की शूटिंग करते वक्त एक और वीडियो वायरल हुआ था। उसमें सलमान टैक्सी से उतरते नजर आ रहे थे। सलमान ने इस दौरान डेनिम जींस और नीली शर्ट पहनी हुई थी।

## अक्षय कुमार को हेराफेरी वाला आदमी कहते थे राजेश खन्ना : बेटी ट्विंकल से कहा था- इसकी लगाम खींच कर रखना

दिवंगत एक्टर राजेश खन्ना ने एक पुराने इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उन्होंने बेटी ट्विंकल को अक्षय कुमार पर नजर रखने के लिए कहा था। उन्होंने बेटी से कहा था कि अक्षय हेराफेरी वाला आदमी है। तुम इसकी लगाम खींच कर रखना। राजेश खन्ना से जुड़ा यह पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इस वीडियो में वे कहते हैं, 'हमारा जो जमाई राजा है, वो बहुत गाता है। कभी वो भूल भुलैया करता है, कभी हेराफेरी करता है। कभी हेराफेरी 2 करता है। वो बहुत हेराफेरी करता है। मैंने अपनी बेटी को भी बोला है कि देखो टीना बाबा, इसकी ( अक्षय कुमार ) लगाम खींच कर रखना। लेकिन इतनी भी न खींचना कि टूट जाए।'

### राजेश खन्ना ने बेटी को 4 बॉयफ्रेंड रखने की सलाह दी थी

कुछ समय पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्विंकल ने पिता राजेश खन्ना से जुड़ा किस्सा शेयर किया था। उन्होंने बताया था कि राजेश खन्ना नहीं चाहते थे कि ट्विंकल का ब्रेकअप की वजह से दिल टूटे। इस वजह से उन्होंने बेटी को डेटिंग से जुड़ी टिप्स दी थी। राजेश खन्ना ने कहा था- एक ही बॉयफ्रेंड मत रखो, हमेशा चार बॉयफ्रेंड रखो। इस तरह तुम्हारा दिल कभी नहीं टूटेगा। मशहूर फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता के साथ बातचीत में ट्विंकल ने अक्षय के साथ शादी करने के फैसले पर मां डिंपल कपाड़िया के रिएक्शन के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था- मां चाहती थीं कि शादी से पहले 2 साल तक मैं और अक्षय साथ रहे।



# मैं आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं, किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से भी नहीं देखा : तमन्ना

तमन्ना भाटिया ने बॉलिवुड और साउथ इंडस्ट्री के बीच एक ब्रिज बनाने का काम किया है। वह दोनों ही इंडस्ट्री के कलाकारों के साथ बड़ी सरलता और सहजता के साथ काम करती जा रही हैं। अदाकारा कहती हैं कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता है लेकिन ऑडियंस आपको कब अपनाएगी ये आपके हाथ में नहीं होता। शायद, इसीलिए वह कहती हैं कि ऐक्टर को अपने काम से ऑडियंस को पटाकर रखना चाहिए। बीते दिनों वह अपने पापा की जन्मस्थली लखनऊ आईं तो हमसे उन्होंने खूब बातें कीं। इस दौरान उन्होंने सफलता के मायने से लेकर दिल की कसक तक का हाल बयां किया।

### आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिली

मैं क्लासिकली ट्रेंड डांसर नहीं हूं। मन में हमेशा इसकी कसक रहेगी। मैंने तय किया है कि जब-जब फ्री रहूंगी तो थोड़ी-थोड़ी ट्रेनिंग लेती रहूंगी। मुझे लगता है कि क्लासिकल डांस की कई सारी टेक्नीक्स हैं, जो बहुत उपयोगी होती हैं। ये हर तरह से बहुत काम आती हैं। मैं हमेशा ही सेट पर उन टेक्नीक्स को सीखने की कोशिश करती हूं। इसको सीख लेने से आपकी चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। रही बिग बी की बात तो मैं आजतक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं। यहां तक कि किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से नहीं देखा है। मेरी उनसे मिलने की बहुत तमन्ना है।

## यह गलतफहमी है कि सफलता मिलेगी तो सेट हो जाऊंगा

खुशनसीब हूं कि मुझे दर्शकों का बहुत जल्दी प्यार मिल गया था। मुझे वो दिन आज भी याद है, जब मैंने अखबार खोलकर देखा और उसमें मेरे काम की बहुत तारीफ लिखी थी। मैं उसको पढ़कर परेशान हो गई कि अब क्या नया करूंगी। कैसे अपने टैलंट को बढ़ाऊंगी, ताकि जो पैरामीटर सेट किया गया है, वह बरकरार रहे। बहुत से लोगों को गलतफहमी है कि जिस दिन सफलता मिलेगी, उस दिन मैं सेट हो जाऊंगा। दरअसल, ऐक्टर की सफलता इस पर तय होगी कि अब क्या नया करोगे। सेट होने वाली सोच भ्रामक है। आप सफलता के पीछे नहीं भाग सकते। बस आप अपने ऐक्टिंग करियर पर फोकस कर सकते हैं, ताकि सफलता तक पहुंचने का रास्ता तय कर सकें। आप जो कुछ करें, उसमें आपका प्यार नजर आना चाहिए। आप पूरी तरह उसमें डूब जाएं। अब के दौर में सफलता और असफलता कोई परमानेंट रहने वाली चीज नहीं रह गई है।



### ओटीटी में कमाई के नंबरों का दबाव नहीं होता

मुझे लगता है कि हिरोइन सेंट्रिक फिल्में बहुत पहले से बनती आ रही हैं। 2024 की शुरुआत मैंने एक तमिल फिल्म आरनमनई-4 से की थी। उसने 100 करोड़ कमाए। वो थिएटर रिलीज थी और बस तमिल भाषा में ही आई थी। इसमें मेरे साथ राशि खन्ना थीं। मुझे नहीं लगता कि ओटीटी की वजह से ज्यादा हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बन रही हैं। पहले भी श्रीदेवी, माधुरी, ऐश्वर्या को लेकर हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बनी हैं। श्रीदेवी मैम की जुदाई, इंग्लिश-विंग्लिश, मदर्स तो मुझे बहुत पसंद है। हां, यह जरूर है कि ओटीटी हमें एक्सपेरिमेंट करने का मौका देता है। ऐसी अलग-अलग फिल्में करने दे रहा है, जिनमें कमाई के नंबर्स का कोई दबाव नहीं है। यह प्लेटफॉर्म इस किस्म का दबाव कलाकारों के ऊपर से उतार देता है। ओटीटी में एक्सपेरिमेंट किए जा सकते हैं। अलग-अलग कहानियां बता सकते हैं और अलग-अलग व नए लोगों को मौका दे सकते हैं। एक सिनेमा हॉल में मास अपील होनी जरूरी है, नहीं तो वह फिल्म नहीं चलेगी। कई बार फिल्में लोगों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं लेकिन ओटीटी हर कोई अकेले या दोस्तों के साथ देखता है।

### खुद से पूछती हूं कि क्या सही रोल के लिए कास्ट हुई

ऐसे बहुत से फिल्ममेकर हैं, जिनके साथ सच में काम करना चाहती हूं। इसमें इम्तियाज अली और संजय लीला भंसाली के नाम शामिल हैं। अभी जिस दौर से गुजर रही हूं, उसमें मैं यह नहीं सोचती कि किसके साथ काम करना है। असल में, कास्टिंग आज के वक्त में बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। अगर आप कोई बड़ी फिल्म बना रहे और उसमें अच्छी कास्टिंग नहीं की तो वो मुश्किल में पड़ सकती है। ऐसे में, अब मेरा नजरिया बिल्कुल बदल चुका है। अब तो मैं कई बार खुद से यह सवाल करती हूं कि क्या सही रोल के लिए कास्ट हुई हूं। कह सकते हैं कि हॉलिवुड में इस चीज को बहुत पहले से फॉलो किया जा रहा है। मुझे लगता है कि कलाकार इस चीज के लिए बाउंड नहीं होने चाहिए कि ये करना चाहिए और ये नहीं करना चाहिए। वो वाला कल्चर अब खत्म हो गया है। मैं ऐसे फिल्ममेकर्स के साथ काम करने का मौका ढूंढती हूं, जो इन बातों का खयाल रखते हैं।

### मैंने और मेरे पैरंट्स ने एकसाथ ग्रो किया

फिल्मों में मैंने बचपन से ही काम करना शुरू कर दिया था। मेरी पहली फिल्म आई थी, तब मैं 15 साल की थी। तब चाहती थी कि मैं जिस तरह की फिल्में करूं, उसे देखकर मेरे पैरंट्स असहज ना महसूस करें। सबसे अच्छी बात यह है कि जैसे मैं अपनी जिंदगी और करियर में बढ़ती गई, वैसे ही मेरे पैरंट्स भी अपनी उम्र के साथ ग्रो करते गए। हम सबने एक साथ मेंटली ग्रो किया है। मैं फिर एक ऐसे मोड़ पर आ गई, जहां लगा कि मेरे पास ऑडियंस को देने के लिए कुछ नहीं है। इसमें सबसे बड़ा रोड़ा मेरा दिमाग बन रहा था। मैंने सोच लिया कि ये नहीं कर सकती, वो नहीं कर सकती। हालांकि, उस वक्त मैंने तय किया कि मुझे सबकुछ करना पड़ेगा। मुझे अपने काम में कोई परिभाषा नहीं चाहिए कि उसी के हिसाब से सब करूं। मैं खुद को हमेशा क्रिएटिवली फ्री रखना चाहती थी और खुद को एक्सप्लोर करना चाहती थी, जो अब कर रही हूं।

### एक दौर के बाद ऑडियंस नहीं अपनाती है

मुझे लगता है कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता लेकिन ऑडियंस उसे कब अपनाएगी, ये उसके हाथ में नहीं होता है। एक ऐक्टर का धर्म यही है कि वो अपना काम ईमानदारी से करता जाए। यह बड़ा हास्यास्पद है कि आप शायद एक दौर में प्रासंगिक होंगे लेकिन कुछ साल बाद वही ऑडियंस आपको नहीं अपनाएगी। एक कलाकार के तौर पर आपको किसी ना किसी तरह से अपने काम से दर्शकों को पटाकर रखना होगा। लगातार उनको अपना हुनर किसी ना किसी तरह से दिखाना पड़ेगा कि आप क्या क्रांति अपने काम के साथ कर रहे हो।

### मेरे पिता का जन्म लखनऊ में ही हुआ था

मुझे याद नहीं कि मैं आखिरी बार लखनऊ कब आई थी। मुझे इतना पता है कि मेरे पिताजी का जन्म इसी शहर में हुआ था। वो भी बहुत छोटे में मुंबई आ गए थे। उनकी पूरी परवरिश मुंबई में हुई। मैं भी खाने की बहुत शौकीन हूं। जब-जब कुछ नया ट्राई करने का मौका मिलता है तो नहीं छोड़ती हूं। यहां का मलाई-मक्खन सच में बहुत अच्छा है। इससे पहले जब-जब आई हूं तो कम समय की वजह से लखनऊ को बिना एक्सप्लोर किए हुए ही निकल गई हूं।

स्टार्स के एटीट्यूड वाले बयान पर शाहिद कपूर की सफाई, बोले-

## सलमान खान का सम्मान करता हूं, उनके लिए कभी कुछ नहीं बोल सकता





शाहिद कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म देवा के प्रमोशन में व्यस्त हैं। लेकिन इसी बीच वह अपने एक बयान को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि कुछ स्टार्स अपने एटीट्यूड के साथ इवेंट्स में आते हैं और दूसरों को ऐसा महसूस कराते हैं जैसे उनकी मौजूदगी बहुत जरूरी हो।

इसके बाद लोगों ने इस बयान को सलमान खान से जोड़ लिया। हालांकि, अब शाहिद ने खुद इस मामले पर अपनी सफाई दी है। जब शाहिद से पूछा गया कि क्या उनका बयान सलमान के लिए था, तो एक्टर ने तुरंत 'ना' कहा। शाहिद ने कहा, 'मुझे इस बारे में एक-दो लोगों ने मैसेज करके भी पूछा था। ईमानदारी से कहूं तो उस समय ऐसे ही बातें हो रही थीं, तो मैंने बिना कुछ सोचे-समझे बस जवाब दिया था। लेकिन अगर मैं कॉमेंट करना चाहूं, तो यह कभी भी किसी ऐसे व्यक्ति पर नहीं होगा जो इतना सीनियर, इतना स्थापित हो और जिनका मैं इतना सम्मान करता हूं। बस यह क्लियर करना है।

शाहिद कपूर ने हाल ही में राज शमान को दिए गए अपने एक इंटरव्यू बॉलीवुड के स्टार्स पर बातें की थी। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा था कि कुछ एक्टर ऐसे हैं जो आते हैं तो उनके चेहरे पर दिखता है कि वे आ रहे हैं। चंद सेकंड में ही ये पता चल जाता है। अगर आप रूम में घुसे हैं तो आपको देखकर ही लग जाएगा कि वे महसूस करा रहे हैं कि वे आ गए हैं। बताते चलें कि फिल्म देवा एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे रोशन एंड्रयू ने डायरेक्ट किया है।

फिल्म में पूजा हेगड़े, शाहिद कपूर, कुब्रा सेत, पवेल गुलाटी अहम किरदारों में हैं। फिल्म को पहले 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज किया जाना था, हालांकि बाद में इसे पोस्टपोन कर 14 फरवरी 2025 के लिए शेड्यूल किया गया था। अब इसे प्रीपोन कर 31 जनवरी को रिलीज किया जा रहा है। फिल्म के स्ट्रीमिंग राइट्स नेटफ्लिक्स के पास हैं।

# डॉन 3 में बतौर विलेन नजर आ सकते हैं विक्रांत

## रणवीर के साथ दूसरी बार स्क्रीन शेयर करेंगे, कुछ समय पहले एक्टिंग से ब्रेक अनाउंस किया

फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बन रही फिल्म डॉन 3 कास्ट को लेकर सुर्खियों में है। फिल्म की कास्ट को लेकर खबर सामने आई है कि विक्रांत मैसी अपकमिंग फिल्म डॉन- 3 में विलेन के किरदार में नजर आ सकते हैं।

### विलेन के किरदार में नजर आएंगे विक्रांत

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विक्रांत मैसी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करेंगे। हालांकि, विक्रांत के नाम को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। खबरों की मानें तो फिल्म के मेकर्स जल्द ही विक्रांत का नाम बतौर विलेन अनाउंस कर सकते हैं। फिल्म में कास्ट होने को लेकर अब तक एक्टर का भी कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है।

### पहला पार्ट 1978 में रिलीज हुआ

डॉन फ्रेंचाइजी के पहले पार्ट में अमिताभ बच्चन डॉन के किरदार में नजर आए थे। फिल्म 12 मई 1978 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वहीं, फिल्म का दूसरा पार्ट साल 2006 में रिलीज हुआ था। फिल्म में शाहरुख खान के साथ प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में नजर आई थी। इसी फिल्म का सीक्वेल डॉन 3 है।

फिल्म का डायरेक्शन फरहान अख्तर कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज डेट अभी फाइनल नहीं हुई है। लेकिन इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म इसी साल जून में रिलीज हो सकती है।

### दूसरी बार साथ नजर आएंगे विक्रांत-रणवीर

फिल्म मेकर्स अगर विक्रांत का नाम फाइनल करते हैं, तो ये दूसरी बार होगा जब एक्टर, रणवीर सिंह के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। इससे पहले दोनों एक्टर साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म लुटेरा में साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म में रणवीर के साथ सोनाक्षी सिन्हा भी मुख्य भूमिका में नजर आई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विक्रांत जल्द ही फिल्म डॉन 3 की शूटिंग भी शुरू कर सकते हैं।

### फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में नजर आए थे विक्रांत

वहीं बात करें विक्रांत मैसी की तो आखिरी बार वह फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में नजर आए थे। फिल्म 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसके अलावा एक्टर फिल्म सेक्टर 36, 12वीं फेल, गैस लाइट, फॉरेंसिक और हसीना दिलरुबा में नजर आ चुके हैं। बता दें कि फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की रिलीज के कुछ समय बाद विक्रांत मैसी ने ये अनाउंस किया था कि वह एक्टिंग से कुछ समय के लिए ब्रेक ले रहे हैं। ऐसे में यह खबर सामने आते ही फैंस हैरान हो गए हैं। सोशल मीडिया पर तरह-तरह के रिएक्शन सामने आ रहे हैं।



RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# विधानसभा में सर्वदलीय बैठक सम्पन्न

# विधानसभा अध्यक्ष ने सभी दलों को सदन संचालन में सहयोगी बनने का किया आव्हान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधानसभा का यह पवित्र सदन प्रदेश की आठ करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व करता है। सदन की कार्यवाही को आम जनता देखती है। प्रदेश की जनता से चुनकर आये जनप्रतिनिधिगण अपने आचरण और व्यवहार से जन आकांक्षाओं के अनुकूल आदर्श प्रस्तुत करें। देवनानी ने कहा कि विधान सभा सदन नियमों, परम्पराओं व मर्यादाओं से चलता है। उन्होंने सभी दलों से सदन को शांतिपूर्वक चलाने में सहयोग करने और सार्थक बहस में अपनी बात समय सीमा में रखने के लिए कहा है।

सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र की बैठकें शुक्रवार 31 जनवरी से आरम्भ होगी। इससे पहले बुधवार को विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में विधान सभा में सर्वदलीय बैठक सम्पन्न हुई। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सोलहवीं राजस्थान विधान सभा का सदन नये कलेवर में तैयार हो गया है। सदन को वन-नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत टेब लगाकर तैयार कर दिया गया है। सदन में सार्थक चर्चा और राज्यपाल अभिभाषण को पक्ष और प्रतिपक्ष के सभी सदस्यगण शान्तिपूर्ण सुनने के लिए बैठक में सहमती बनी। देवनानी ने कहा कि सदस्य सदन में मर्यादित व्यवहार करें और वैल में नहीं आएं। सभी सदस्यों को नियमों के अनुसार बोलने का मौका मिलेगा। विधान सभा का सदन अधिक से अधिक दिन चले इसके लिए सभी दलों को सकारात्मक सोच रखनी होगी। उन्होंने कहा कि सदन को चलाने की जिम्मेदारी सोलहवीं विधान सभा के सभी सदस्यों की है।

### 90 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब विधान सभा को प्राप्त हुए-

अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि सोलहवीं विधान सभा के 90 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब विधान सभा को प्राप्त हो गये है। देवनानी ने कहा कि यह शुभ लक्षण है। शेष रहे प्रश्नों के जवाब भी विधान सभा को शीघ्र प्राप्त हो जाएंगे। बैठक में विधान सभा को 90 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब प्राप्त होने के लिए विधान सभा अध्यक्ष द्वारा किये गये प्रयासों की मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा नेता प्रतिपक्ष सहित सभी ने सराहना की।



### शालीनता से उठायें मुद्दे, सदन में सभी को मिलेगा बोलने का मौका-

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि सभी दलों को चर्चा के लिए नियमानुसार समय आवंटित किया जायेगा। उन्होंने कहा है कि दोनों पक्षों के मुख्य सचेतक को विधान सभा सदन की समय सीमा के अनुसार ही आसन को बोलने वाले सदस्यों की सूची देनी होगी। समय सीमा में ही सदस्यों को अधिक से अधिक अपनी बात रखनी होगी। उन्होंने कहा कि यह दलों के नेताओं कि जिम्मेदारी होगी कि उनके दल का सदस्य सदन में अपनी बात को आवंटित समय में ही रखने का प्रयास करे। देवनानी ने कहा कि सभी सदस्यगण शालीनता से मुद्दे उठाये।

### जनहित के मुद्दों पर सार्थक बहस हो-

देवनानी ने कहा कि यह सदन जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने का पवित्र स्थल है। इस स्थल की गरिमा को बनाएँ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रतिपक्ष अपनी बात रखें। प्रतिपक्ष को नियमों के अनुसार पूरा समय दिया जाएगा। राज्य सरकार भी प्रतिपक्ष द्वारा उठाये गए मुद्दों को गम्भीरता से ले।

### स्वस्थ आलोचनाओं से कार्य में आती है नवीन गति-

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सदन में अपनी—अपनी बात रखने के लिए पक्ष व प्रतिपक्ष के सभी सदस्यों की भावना एक समान ही होती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सदस्यों की बातों को गम्भीरता से लिया जायेगा। सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं का निस्तारण भी कराया जायेगा। उन्होनें कहा कि स्वस्थ आलोचनाओं से कार्य में नवीन गति आती है। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान विधान सभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की यह ऐतिहासिक पहल है। सदन संचालन में इस सर्वदलीय बैठक के दूरगामी सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। उन्होनें बैठक में उपस्थित होने वाले पक्ष व प्रतिपक्ष के नेतागण का आभार ज्ञापित किया। बैठक में सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग] प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान] बसपा के मनोज कुमार और रालोद के डॉ. सुभाष गर्ग भी मौजूद थे।

# पूर्व सीएम चन्नी का आरोप-पुलिस के सामने तोड़ी अंबेडकर प्रतिमा

## पंजाब में माहौल खराब कर रही है आप राजनीतिक फायदे के लिए बेअदबी करवाई

बढ़ता राजस्थान

**जालंधर (एजेंसी)।** जालंधर से लोकसभा सांसद और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा- 26 जनवरी को पंजाब के अमृतसर साहिब में हुई घटना बहुत दुखद थी। पुलिस की मौजूदगी में ऐसी घटना हो गई, जिसने राज्य को चिंता में डाल दिया। हजारों लोगों का आना जाना वहां पर लगा रहता है, मगर फिर भी बाबा साहिब की प्रतिमा पर हमला कर दिया गया। ये आम आदमी पार्टी का सुरक्षा फैलियर है। बाबा साहिब पर हथोड़े से हमला करके बेअदबी की गई। मेरी मांग है कि इसकी जांच केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जाए। जिससे पता चल सके कि उक्त साजिश के पीछे आखिरकार है कौन।

**आम आदमी पार्टी की नीयत पर शक**-सांसद चन्नी ने आम आदमी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा- आम आदमी पार्टी ने सियासत गर्म करने के लिए ये काम करवाया है। मुझे आम आदमी पार्टी की नीयत पर शक है। इसलिए ये काम आप ने करवाया है। चन्नी ने कहा- पूरे देश में अगर दलितों के साथ कोई व्यक्ति छलावा कर सकता है तो वो व्यक्ति आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी है। पंजाब में कहा गया था कि डिप्टी सीएम दलित बनेगा। तीन साल बाद भी ऐसा कुछ नहीं हुआ।

# सैफ हमला केस : आरोपी शरीफुल 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी शरीफुल इस्लाम की पुलिस कस्टडी खत्म होने के बाद बुधवार (29 जनवरी) को बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि आरोपी ने वारदात से पहले जगह की रेकी की थी और पूरी तरह से तैयारी की थी। आरोपी के कुछ और साथी हो सकते हैं, जिसकी इन्वेस्टिगेशन जारी है। साथ ही, शरीफुल के रिश्तेदारों को पैसे भेजने के मामले की भी जांच चल रही है।

इधर, मंगलवार को मुंबई पुलिस ने सैफ अली खान पर हमले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस परमजीत सिंह दाहिया ने बताया, हमने इस मामले में शरीफुल इस्लाम को पकड़ा है, वही सही आरोपी है। उन्होंने बताया कि इस आरोपी के खिलाफ हमारे पास कई पुख्ता सबूत हैं।

दाहिया ने यह भी कहा कि कुछ रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि सैफ के घर से जो फिंगरप्रिंट्स मिले हैं, वह शरीफुल के फिंगरप्रिंट्स से मैच नहीं करते। हम फिंगरप्रिंट्स की जांच कर रहे हैं, अब तक हम किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे हैं।

# हाईकोर्ट ने कहा-कानून की नजर में लिव-इन रिलेशनशिप अवैध नहीं:इसको लेकर केंद्र-राज्य कानून बनाएं; लीगल बिंदु के लिए मामला लार्जर बेंच को रेफर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले लोगों के लिए केंद्र और राज्य सरकार को कानून बनाने के लिए कहा है। जस्टिस अनूप ढंड की अदालत ने अपने आदेश में कहा कि हमारे देश में अभी भी लिव-इन रिलेशनशिप को सामाजिक मान्यता नहीं है। लेकिन, कानून की नजर में यह अवैध नहीं है।देश में लिव-इन रिलेशनशिप पर कानून नहीं होने से न्यायालयों के अलग-अलग दृष्टिकोणों के कारण बहुत से लोग भ्रमित हो जाते हैं। ऐसे में समय की मांग के अनुसार संसद और राज्य विधानमंडल को इस मुद्दे पर कानून बनाने पर विचार करना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि कानून नहीं बनने तक लिव-इन रिलेशनशिप के मामलों को देखने के लिए प्रत्येक जिले में प्राधिकरण की स्थापना की जाए। जो इन रिश्तों से संबंधित शिकायतों का निवारण करेगा। वहीं इस संबंध में एक वेबसाइट या वेब-पोर्टल शुरू किया जाए, जिससे ऐसे रिश्ते से उत्पन्न होने वाले मुद्दों का समाधान किया जा सके।वहीं लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले शादीशुदा व्यक्तियों को क्या कोर्ट संरक्षण दे सकता है। इस लीगल बिंदु को तय करने के लिए मामले को लार्जर बेंच को रेफर किया गया है। कोर्ट ने रीना और अन्य याचिकाओं पर सुनवाई पूरी करने के बाद 6 जनवरी को फैसला सुरक्षित रखा था, जिसके बाद बुधवार को फैसला सुनाया। है। अदालत ने कहा- अब समय की मांग है कि लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर कानून बनाया जाए। जो लिव-इन रिलेशनशिप के मामले को देखें और ऐसे रिश्ते में रहने वाले जोड़ों को अधिकार प्रदान करें और उन पर दायित्व लागू करें। वहीं ऐसे रिश्ते में पीड़ित बच्चों और महिला साथियों को सहायता देने के लिए एक अलग कानून बनाया जाना चाहिए।



# विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी पूरी हुई

## तीनों सेनाओं और सीएपीएफ के बैंड ने धुनें पेश कीं; राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम मौजूद रहे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के विजय चौक पर बुधवार शाम को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी हुई। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के 4 दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों का समापन हुआ। तीनों सेनाओं के साथ सीएपीएफ के बैंड ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने 30 फुट टैपिंग भारतीय धुनें बजाईं।

समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह स्पीकर ओम बिड़ला सहित अन्य केंद्रीय मंत्री और आम जनता मौजूद रही। विजय चौक की सभी प्रमुख इमारतों को रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया था।

समारोह की शुरुआत में सेना द्वारा राष्ट्रपति को नेशनल सैल्यूट दिया। इसके बाद तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। तीनों सेनाओं के बैंड ने सेरेमनी की शुरुआत धुन कदम-कदम बढ़ाए जा बजाकर की।

पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड ने अमर भारती बजाकर मैप ऑफ इंडिया बनाया। सीएपीएफ बैंड ने विजय भारत का संगीत पेश किया। एयरफोर्स ने गैलेक्सी राइडर धुन पेश की। इस धुन को रिटायर्ट विंग कमांडर जी जयचंद्रन ने तैयार किया था।

बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम का समापन सारे जहां से अच्छा के साथ किया गया। समारोह के अंत में सभी बैंड मास्टर राष्ट्रपति के पास गए और बैंड वापस ले जाने की इजाजत मांगी। इसके बाद समारोह समाप्त किया गया।

### सेरेमनी से पहले रिहर्सल की गई

**सेरेमनी से पहले 28 जनवरी को विजय चौक पर फुल ड्रेस रिहर्सल की गई थी। इसमें सेना, नेवी, एयरफोर्स और सीएपीएफ के बैंड ने शानदार धुनों का प्रदर्शन किया। इसे लेकर विजय चौक और उसके आसपास की कुछ सड़कों पर यातायात को प्रतिबंधित किया गया था। दिल्ली यातायात पुलिस ने एडवायजरी भी जारी की थी।**



### 300 साल से भी ज्यादा पुराना इतिहास

बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी की परंपरा राजा महाराजाओं के समय चली आ रही है। जब सूर्यास्त के बाद जंग बंद होने का ऐलान होता था। बिगुल बजाते ही सैनिक युद्ध बंद कर पीछे हट जाते थे। ये परम्परा 300 साल से भी ज्यादा पुरानी है। भारत के अलावा ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी होती है। भारत में इसकी शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी।

खाटूश्याम मेला

# 8 फीट से ऊंचे निशान पर बैन

## इत्र की कांच बोतल और कांटेदार गुलाब बेचने पर होगी कार्रवाई, वीआईपी दर्शन रहेंगे बंद

बढ़ता राजस्थान

**सीकर।** बाबा खाटूश्याम का लक्खी मेला 28 फरवरी से शुरू होगा, जो 11 मार्च तक चलेगा। इस बार निशान की ऊंचाई 8 फीट निर्धारित की गई है। इससे ज्यादा ऊंचाई वाले निशान लेकर मेला परिसर में एंट्री नहीं दी जाएगी। मंदिर में कांच की बोतलों पर बैन होगा। गुलाब बेचने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए क्यूआर कोड जारी होगा। मेले में व्यवस्थाओं को लेकर खाटू थाने में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा।

मेले की तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को कलेक्टर मुकुल शर्मा, एसपी भुवन भूषण यादव ने प्रशासनिक अधिकारियों की मेला मजिस्ट्रेट ऑफिस में बैठक ली। मेले को सफल बनाने के लिए व्यापारियों, होटल संचालकों, स्थानीय लोगों, अधिकारियों और कर्मचारियों का सुझाव लिया गया।



### भक्तों को क्यूआर कोड होगा जारी

कलेक्टर ने कहा- बाबा श्याम के लक्खी मेले में आने वाले श्याम भक्तों को अच्छे से दर्शन हो, इसे लेकर व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। मेले में इस बार दर्शन व्यवस्था से लेकर ट्रैफिक रूट तक के कई बदलाव किए गए है। इस बार सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी लोगों को छोड़कर सभी के लिए वीआईपी दर्शन व्यवस्था पूर्णतया बंद रहेगी। खाटू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए इस बार क्यूआर कोड जारी किया जाएगा। श्रद्धालु यह क्यूआर कोड स्कैन कर मंदिर परिसर तक आसानी से पहुंच सकेंगे और दर्शन करेंगे।

### मेले में ये रहेगी व्यवस्थाएं

सीकर-रींगस रोड पर मंडा मोड के आस-पास छोटे वाहनों के लिए बड़ी पार्किंग व्यवस्था डेवलप की जाएगी। यहां से श्रद्धालुओं को बसों से 52 बीघा पार्किंग तक ले जाया जाएगा। जहां से मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालु पैदल ही जाएंगे। 52 बीघा पार्किंग का इस्तेमाल सिर्फ मिनी बसों की पार्किंग के लिए ही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य वाहन यहां नहीं आएंगे। ई-रिक्शा चालकों के लिए अलग-अलग जोन बनाए जाएंगे और उनके पास बनेंगे। बिना पास वाले ई-रिक्शा को सीज किया जाएगा। मंडा मोड व रींगस के खाटू मोड से मंदिर तक छोटे वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। भंडारा लगाने का समय तय किया जाएगा। भंडारा अनुमति के समय एक निर्धारित शुल्क लिया जाएगा, जिसका उपयोग मेला खत्म होने के बाद सफाई सहित अन्य काम करवाने के लिए किया जाएगा। सभी सेक्टर में मेडिकल व मोबाइल यूनिट्स स्थापित रहेगी। अग्निशमन व एम्बुलेंस के लिए इमरजेंसी रोड की व्यवस्था की जाएगी। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को चिकित्सा एवं मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में सीपीआर ट्रेनिंग सहित मूलभूत चिकित्सा प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवारा पशुओं को गौशाला में रखा जाएगा।

### 8 फीट से ऊंचे निशान पर बैन

निशान की ऊंचाई 8 फीट निर्धारित की गई है। इससे ज्यादा ऊंचाई वाले निशान लेकर मेला परिसर में एंट्री नहीं दी जाएगी। खाटू में 8 फीट से ज्यादा ऊंचाई वाले निशान बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

कांटों वाले गुलाब के फूल, छोटी कांच की बोतल, इतर की कांच की बोतल बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)